Nikhaar
FANCY STORES
आर्टिफिशियल
ज्वेलरी
के विक्रेता
Shope no- 47, A Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Durg
Mukesh agrawal

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

साझा करें अपने मित्रों से

सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

TATA green batteries
BATTERY ZONE
Deals in : All Types of Battery and Invertor
Mob. 9109013555
BAJAJ FINSERV Bajaj finance Facility Available
Opp. Majar, G.E. Road, Shastri Nagar, Bhilai (C.G.)

वर्ष- 13, अंक - 186 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, रविवार 24 अप्रैल 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

### मन की बात कार्यक्रम में बोले पीएम मोदी...

# देश के हर जिले में बनाए जाएंगे 75 अमृत सरोवर

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा, साथियों, देश के प्रधानमंत्रियों के योगदान को याद करने के लिए आजादी के अमृत महोत्सव से अच्छा समय और क्या हो सकता है। देश के लिए यह गौरव की बात है कि आजादी का अमृत महोत्सव एक जन-आंदोलन का रूप ले रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, इतिहास को लेकर लोगों की दिलचस्पी काफी बढ़ रही है और ऐसे में पी.एम. म्यूजियम युवाओं के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन रहा है जो देश की अनमोल विरासत से उन्हें जोड़ रहा है।



### म्यूजियम देखने जाएं युवा

पीएम मोदी ने कहा, आप सब जानते हैं कि 18 मई को पूरी दुनिया में इंटरनेशन म्यूजियम डे मनाया जाएगा। इसे देखते हुए अपने युवा साथियों के लिए मेरे पास एक आइडिया है। क्यों न आने वाली छुट्टियों में आप अपने दोस्तों की मंडली के साथ स्थानीय म्यूजियम देखने जाएं।

### देश में बढ़ रहीं कैशलेश गतिविधियां

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, देश में कैशलेश गतिविधियां बढ़ रही हैं। हर दिन देश में 20 हजार करोड़ रुपये का कैशलेश ट्रांसजेक्शन हो रहा है। आप जो गली के नुक्कड़ की दुकानों पर यूपीआई पेमेंट करते हैं, इसका देश की तरक्की में बड़ा योगदान है। प्रधानमंत्री ने कहा, मार्च के महीने में यूपीआई ट्रांजेक्शन 10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

### हर जिले में बनेंगे 75 अमृत सरोवर

प्रधानमंत्री ने कहा, इस समय आजादी के 75वें साल में आजादी के अमृत महोत्सव में देश जिन संकल्पों को लेकर आगे बढ़ रहा है, उसमें जल संरक्षण भी एक है। अमृत महोत्सव के दौरान देश के हर जिले में 75 अमृत सरोवर बनाए जाएंगे। आप कल्पना कर सकते हैं कि यह कितना बड़ा अभियान है। प्रधानमंत्री ने कहा, वो दिन दूर नहीं जब आपके अपने शहर में 75 अमृत सरोवर होंगे। मैं आप सभी से और खासकर युवाओं से चाहूंगा कि वो इस अभियान के बारे में जानें और इसकी जिम्मेदारी भी उठाएं। अगर आपके क्षेत्र में स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ा कोई इतिहास है, किसी सेनानी की स्मृति है तो उसे भी अमृत सरोवर से जोड़ सकते हैं।

### गणित में भारतीयों को सबसे ज्यादा सहज होना चाहिए

पीएम मोदी ने कहा कि परीक्षा पर चर्चा के दौरान कुछ विद्यार्थियों ने कहा था कि उन्हें गणित से बहुत डर लगता है। साथियों गणित तो ऐसा विषय है, जिसे लेकर हम भारतीयों को सबसे ज्यादा सहज होना चाहिए। आखिर, गणित को लेकर पूरी दुनिया के लिए सबसे ज्यादा शोध और योगदान भारत के लोगों ने ही तो दिया है। पीएम ने कहा कैलकुलस और कम्प्यूटर्स तक ये सारे वैज्ञानिक आविष्कार जीरो पर ही तो आधारित हैं। शून्य यानी जीरो की खोज और उसके महत्व के बारे में आपने खूब सुना होगा। अगर जीरो की खोज न होती तो दुनिया की इतनी वैज्ञानिक प्रगति भी न देख पाती। पीएम ने कहा कि हम भारतीयों के लिए गणित कभी मुश्किल विषय नहीं रहा, इसका सबसे बड़ा कारण हामारी वैदिक गणित भी है। इसकी सबसे खास बात यह है कि इसके जरिए आप कठिन से कठिन गणनाएं पलक झपकते कर सकते हैं।

आभूषण एवं माला गुथाई (रिपेयरिंग) अंगूठी व मंगलसूत्र बनाया जाता है।
एस.आर. ज्वेलर्स
सभी प्रकार के ग्रहरत्नों के विक्रेता
प्रो. जितेन्द्र कुमार सोनी
9294510324, 7489986199
बोरसी रोड, आदर्श नगर, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## संपादक की कलम से...

### राष्ट्रव्यापी कोविड टीकाकरण के तहत अब तक 187.46 करोड़ से अधिक लगे टीके

**नई दिल्ली ।** भारत का कोविड-19 टीकाकरण कवरेज आज सुबह 7 बजे तक अंतिम रिपोर्ट के अनुसार 187.46 करोड़ (1,87,46,72,536) से अधिक हो गया। इस उपलब्धि को 2,29,79,714 टीकाकरण सत्रों के जरिये प्राप्त किया गया है। 12-14 आयु वर्ग के लिए कोविड-19 टीकाकरण 16 मार्च,2022 को प्रारंभ हुआ था। अब तक 2.61 करोड़ (2,61,95,248) से अधिक किशोरों को कोविड-19 टीके की पहली खुराक लगाई गई है। समान रुप से 18-59 आयु वर्ग के लिये प्रीकॉशन खुराक 10 अप्रैल,2022 को प्रारंभ की गई। अब तक 3,10,701 प्रीकॉशन खुराक लगाई गई हैं। भारत में सक्रिय मामले आज 15,079 हैं। सक्रिय मामले, कुल पॉजिटिव मामलों के 0.04 प्रतिशत हैं। नतीजतन, भारत में स्वस्थ होने की दर 98.75 प्रतिशत है।पिछले 24 घंटों में 1,656 रोगियों के ठीक होने के साथ ही स्वस्थ होने वाले मरीजों (महामारी की शुरुआत के बाद से) की कुल संख्या बढ़कर 4,25,17,724 हो गई है। बीते 24 घंटे में कोरोना के 2,527 नए मामले सामने आएं। 24 घंटों में कुल 4,55,179 जांच की गई हैं। भारत ने अब तक कुल 83.42 करोड़ से अधिक (83,42,81,170) जांच की गई हैं। देश में साप्ताहिक पुष्टि वाले मामलों की दर 0.50 प्रतिशत है और दैनिक रूप से पुष्टि वाले मामलों की दर 0.56 प्रतिशत है।

### तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत, दो घायल


**जगदलपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के गणपति रिसार्ट के आगे खड़कघाट के पास गैस सिलेण्डर से भरी ट्रक ने बाइक सवार तीन युवक को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दो युवक को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मठपाल निवासी सुमन कश्यप 30 वर्ष, निरंजन कश्यप 26 वर्ष और तरूण साहनी 26 वर्ष बाइक क्रमांक सीजी 17 केएस 8104 में सवार होकर कहीं जा रहे थे तभी गणपति रिसार्ट के आगे खड़कघाट के पास इंडेन गैस सिलेण्डर से भरी ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाइक सवार सुमन की मौत हो गई। वहीं दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### फिर लौट सकते हैं कोरोना प्रतिबंध

## मुख्यमंत्री बघेल ने कहा-कई राज्यों में कोरोना केस बढ़ने के बाद सख्ती जरूरत पड़ी तो यहां भी होगी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** दिल्ली, महाराष्ट्र सहित कुछ प्रदेशों में कोरोना के मामले फिर बढ़ने लगे हैं। ऐसे में उन प्रदेशों में कोरोना गाइडलाइन पर सख्ती फिर बढ़ने लगी है। ऐसे प्रतिबंध छत्तीसगढ़ में भी लौट सकते हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खुद इसके संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा, जरूरत पड़ी तो यहां भी प्रतिबंध लगाए जाएंगे।



कोरोना के नए खतरे पर पूछे गए एक सवाल पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, यह चिंता का विषय है। हम लोग सोच रहे थे कि तीसरी लहर समाप्त हो गई। दिल्ली में केस बढ़े हैं। वहां प्रतिबंधात्मक कदम उठाए गए हैं। मध्य प्रदेश से भी ऐसी सूचनाएं मिल रही हैं। हम लोग भी इस पर विचार करेंगे। अगर आवश्यकता पड़ी तो इससे सुरक्षा के जो उपाय हैं उसके लिए निश्चित रूप से आदेश जारी करेंगे।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अभी छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण की साप्ताहिक दर एक प्रतिशत से भी काफी नीचे है। इसकी वजह से अभी कोई चिंता की बात नहीं है। लेकिन अगर संक्रमण दर एक प्रतिशत से अधिक होता है तो यह अलार्मिंग होगा। ऐसे में कोरोना नियमों को लेकर थोड़ी सख्ती जरूरी होगी। ऐसा दिन फिर न लौटे इसलिए लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है। सार्वजनिक स्थलों पर मास्क पहनकर और भीड़भाड़ से बचकर इस खतरे को रोका जा सकता है।

### प्रदेश में अभी कोरोना के ऐसे हैं हालात

स्वास्थ्य विभाग ने बताया, शनिवार को तीन हजार 834 नमूनों की जांच की गई। इनमें से केवल तीन लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए। ये सभी मरीज रायपुर जिले से ही सामने आए हैं। प्रदेश के शेष 27 जिलों से कोरोना का एक भी नया मामला सामने नहीं आया। हालांकि शनिवार को कोरोना का कोई मरीज डिस्चार्ज भी नहीं हुआ। ऐसे में सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। छत्तीसगढ़ में पिछले एक-डेढ़ महीने से कोरोना के नए मामले काफी कम हो गए हैं। करीब 40 दिनों से किसी मरीज की मौत भी नहीं हुई। इसकी वजह से कोरोना प्रतिबंधों पर प्रशासन ने ढील दे दी थी। दो सप्ताह पहले सरकार ने सार्वजनिक स्थानों पर मास्क नहीं लगाने वालों से जुर्माना हटा लिया था।

### डंपर की ठोकर से मासूम की मौत

# आक्रोशित लोगों ने फूंक दिया डंपर, किया चक्काजाम



श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। जिले के तिल्दा नेवारा में शनिवार देर शाम बड़ा हादसा हो गया। यहां एक डंपर की की चपेट में आने से 10 साल की मासूम मौत के मुंह में समा गई। बच्ची साइकिल पर थी तभी सामने से डंपर चालक ने बच्ची को ठोकर मार दी। मौके पर मौजूद लोग बच्ची को लेकर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर आक्राशित लोगों ने डंपर फूंक दिया और थाने के सामने सड़क पर बैठ गए।

मिली जानकारी के अनुसार घटना शनिवार देर शाम करीब 7 से 7:30 बजे के बीच की बताई जा रही है। तिल्दा नेवरा मेन रोड पर एक तेज रफ्तार डंपर चालक ने साइकिल चला रही 10 साल की बच्ची को ठोकर मार दी। हादसे के तुरंत बाद यहां लोगों की भीड़ लग गई। डंपर चालक गाड़ी छोड़ वहां से भाग गया। इधर कुछ लोग बच्ची को लेकर अस्पताल पहुंचे लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

हादसे के बाद यहां के लोग काफी आक्राशित हो गए और थाने के सामने पहुंचकर चक्काजाम कर दिया। यही नहीं लोगों ने हादसे के बाद सड़क पर खड़ी डंपर को भी आग के हवाले कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# एक माह तक नहीं चलेगी छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस दो दर्जन ट्रेनों को रेलवे ने किया रद्द

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस सहित लगभग दो दर्जन ट्रेनों को रद्द करने का निर्णय लिया है। इसके पीछे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी सेक्शन में रेल परिचालन से संबंधित अपग्रेडेशन वर्क कारण बताया जा रहा है। रेलवे द्वारा इस बीच अपग्रेडेशन वर्क पूरा कराया जाएगा जो किसी न किसी वजह से टलता जा रहा है। इसके लिए रेलवे ने दो दर्जन ट्रेनों को एक माह के लिए रद्द कर दिया है।

**जाने कब-कब कौन सी ट्रेन रहेगी रद्द**

गाड़ी संख्या 18237 कोरबा-अमृतसर एक्सप्रेस कोरबा स्टेशन से दिनांक 24 अप्रैल से 23 मई 2022 तक रद्द रहेगी।

गाड़ी संख्या 18238 अमृतसर बिलासपुर एक्सप्रेस अमृतसर से 24 अप्रैल 2022 से 23 मई 2022 तक रद्द रहेगी।

गाड़ी संख्या 12771 सिकंदराबाद रायपुर त्रि-साप्ताहिक एक्सप्रेस सिकंदराबाद से दिनांक 25, 27, 29 अप्रैल 2, 4,6,9 11,13,16,18, 20,23, 29 मई, 2022 को रद्द रहेगी।



गाड़ी संख्या 12772 रायपुर सिकंदराबाद त्रि-साप्ताहिक एक्सप्रेस रायपुर से दिनांक 26,,28, 30 अप्रैल एवं 03, 05, 07,10,12,14, 17, 19, 21, 24 मई को रद्द रहेगी।

गाड़ी संख्या 12880 भुनेश्वर एलटीटी द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस भुवनेश्वर से दिनांक 25 ,28 अप्रैल एवं 2,5 , 12, 16 19 ,23 मई को रद्द रहेगी।

गाड़ी संख्या 12879 एलटीटी भुवनेश्वर द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस एल टी टी से दिनांक 27, 29 अप्रैल एवं 4 ,7, 11, 14, 18, 21, 25 मई को रद्द रहेगी।

गाड़ी संख्या 22866 पुरी एलटीटी साप्ताहिक एक्सप्रेस पुरी से दिनांक 26 अप्रैल एवं 3, 10 17 मई को रद्द रहेगी।

गाड़ी संख्या 22865 एलटीटी पुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस एलटीटी से 28 अप्रैल एवं 5,12,19 मई को रद्द रहेगी।

गाड़ी संख्या 12812 हटिया एलटीटी द्वि साप्ताहिक एक्सप्रेस दिनांक 29, 30 अप्रैल 6,7 ,13 14, 20, 21 मई को रद्द रहेगी।

गाड़ी संख्या 12811 एलटीटी हटिया द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस एलटीटी से 01,02,08,09,15,16,22,23 मई को रद्द रहेगी।

गाड़ी संख्या 22847 विशाखापट्टनम एलटीटी साप्ताहिक एक्सप्रेस विशाखापट्टनम से 01,3, 8, 10 15, 17, 22, 24 मई को रद्द रहेगी।

गाड़ी संख्या 22848 एलटीटी विशाखापटनम साप्ताहिक एक्सप्रेस एलटीटी से दिनांक 3,10, 17, 24 मई को रद्द रहेगी।

गाड़ी संख्या 20843 बिलासपुर - भगत की कोठी द्वि साप्ताहिक एक्सप्रेस बिलासपुर से दिनांक 25 26 अप्रैल एवं 2, 3, 9, 10, 16, 17,23 मई को रद्द रहेगी।

गाड़ी संख्या 20844 भगत की कोठी बिलासपुर द्वि साप्ताहिक एक्सप्रेस भगत की कोठी से दिनांक 28 ,30 अप्रैल एवं 5,7, 12 , 14, 19, 21, 26 मई को रद्द रहेगी।

### नहाने तालाब पहुंचे दो मासूम भाईयों की डूबने से मौत

**कोरबा।** खेल खेल में तालाब में नहाने गए रिश्ते में भाई दो मासूम की डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

घटना पाली-तानाखार विधायक मोहितराम केरकेट्टा के गृह ग्राम पोलमी में उनके निवास के सामने स्थित तालाब में घटित हुई। ग्राम के ही दो मासूम उरावपारा पोलमी निवासी गौरव केरकेट्टा पिता राजू केरकेट्टा छह वर्ष व शिव करकेटा पिता अजय केरकेट्टा चार वर्ष खेल. खेल में तालाब के निकट पहुंच गए और नहाने के लिए पानी में उतर गए। इस बीच देखते ही देखते गहरे पानी में चले गए। परिजन घर में बोरवेल्स का काम कराने में व्यस्त थे। काफी समय तक बच्चे दिखाई नही दिए, तब उनकी खोजबीन शुरू की गई। तालाब के किनारे कपड़े देख स्वजनों को अनहोनी की आशंका हुई और उन्होंने पानी में तलाश किया। जहां दोनों बच्चे मृत अवस्था में मिले।

# नवनीत राणा और उनके पति की बढ़ी मुश्किले, एक और केस दर्ज

मुंबई (एजेंसी)। नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा ने मातोश्री के बाहर हुनमान चालीसा पढ़ने का ऐलान किया था। जिसको लेकर शिवसैनिक उनके घर के नीचे एकत्रित हो गए। हालांकि नवनीत राणा अपने घर से बाहर नहीं निकलीं और मातोश्री में हनुमान चलीसा के पाठ को लेकर यूटर्न भी ले लिया।



मुंबई में हनुमान चालीसा का पाठ करने को लेकर मचा घमासान जारी है।इसी बीच सांसद नवनीत राणा और उनके पति रवि राणा दोनों को बांद्रा कोर्ट में पेश किया गया है। पेश से पहले नवनीत के खिलाफ आईपीसी की धारा 353 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

नवनीत राणा के खिलाफ सरकारी काम को रोकने के लिए मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले शनिवार को हंगामे के बीच मुंबई पुलिस ने नवनीत राणा और उनके पति रवि राणा को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं महाराष्ट्र के गृहमंत्री दिलीप वलसे पाटील ने राणा दंपति की गिरफ्तारी पर कहा कि 2 घटनाएं हुई है- पहला हनुमान चलीसा के बहाने दंगा भड़काने की कोशिश की गई और दूसरा शनिवार को हंगामा मचाया। इन सभी के खिलाफ कारवाई की जानी जरूरी है।

### क्या है पूरा मामला ?

नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा ने मातोश्री के बाहर हुनमान चालीसा पढ़ने का ऐलान किया था। जिसको लेकर शिवसैनिक उनके घर के नीचे एकत्रित हो गए। हालांकि नवनीत राणा अपने घर से बाहर नहीं निकलीं और मातोश्री में हनुमान चलीसा के पाठ को लेकर यूटर्न भी ले लिया। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मेरा उद्देश्य स्पष्ट तरीके से पूरा हो गया। हम मातोश्री तक नहीं पहुंच पाए परन्तु जो हनुमान चालीसा हम करने वाले थे, वो कई भक्त वहां मातोश्री के सामने हनुमान चालीसा पढ़ रहे हैं। कहीं न कहीं ये सिद्ध होता है कि हमारी आवाज़ वहां तक पहुंची है।

जिनको कोई फायनेंस नही करता उनको हम पर्सनल फायनेंस करते हैं
कुलर ही कुलर, पहले आएं...पहले पाएं...
T.P. Singh
हमारे यहां सभी ब्राण्डेड कंपनी के एसी, फ्रीज, एलईडी टीवी उचित मूल्यों में हाजिर स्टॉक उपलब्ध है।
SAMSUNG LG SONY DAIKIN VIDEOCON KENSTAR BLUE STAR VOLTAS hindware Symphony Crompton
SINGH ENTERPRISES
PRAGATI NAGAR ROAD, AZAD MARKET, RISALI, BHILAI
MOB. - 9977018476

## संपादकीय

# बेलगाम बुलडोजर

देश के किसी भाग में सांप्रदायिक सौहार्द और कानून व्यवस्था भंग करने का अधिकार किसी को भी नहीं है, चाहे वह बहुसंख्यक समाज हो या अल्पसंख्यक। दरअसल, सात दशकों में देश के राजनेताओं ने वोट की राजनीति कर समाज को इतने गहरे तक विभाजित कर दिया है कि दूसरे वर्ग के पर्व-त्योहार का स्वागत करने के बजाय पत्थरबाजी की घटनाएं व फसाद होने लगे हैं। लेकिन इन घटनाओं की प्रतिक्रिया में कथित रूप से दंगइयों के लिये बुलडोजर न्याय की व्यवस्था न तो कानून की दृष्टि से न्यायसंगत है और न ही मानवाधिकारों की ही दृष्टि से। हालांकि, उत्तर प्रदेश से शुरू हुई बुलडोजर से राजनीतिक संदेश देने की कवायद मध्यप्रदेश से होते हुए अब दिल्ली की जहांगीरपुरी तक जा पहुंची है। जहांगीर पुरी में एक धार्मिक जुलूस पर हमले के दौरान हुई हिंसा के बाद जिस तरह बुलडोजर चला, उसने राजनीतिक हलकों में तूफान खड़ा कर दिया। जिस तरह से राजनीतिक दल अपने-अपने प्रतिनिधि मंडल भेजकर वहां राजनीति कर रहे हैं, उसे भी कतई उचित नहीं कहा जा सकता। दरअसल, इस राजनीतिक खेल में असल मुद्दे पार्श्व में चले जाते हैं। अच्छी बात यह कि इस प्रकरण को सुप्रीम कोर्ट ने गंभीरता से लिया और अगले आदेश तक यथास्थिति बनाये रखने का आदेश दिया। हालांकि, कोर्ट के आदेश के बावजूद कुछ समय तक बुलडोजर चलता रहा, जिसकी खासी आलोचना भी हुई। एमसीडी के अधिकारियों द्वारा बिना समय दिये की गई कार्रवाई ने कई सवालों को जन्म दिया। निस्संदेह, बुलडोजर संस्कृति किसी निर्माण पर ही नहीं चलती बल्कि देश में लागू नियम-कानून व संवैधानिक प्रक्रिया को भी रौंदती है। हकीकत है कि दिल्ली से लेकर देश के छोटे-बड़े शहर अवैध अतिक्रमणों से हांफरहे हैं। झुग्गी बस्तियों से लेकर पॉश कालोनियों तक अवैध अतिक्रमण की भरमार है। लेकिन पहुंच व पैसे वाले कानून व्यवस्था के छिद्रों के रास्ते बच जाते हैं और गरीब-गुरबों के मकान-दुकान पर बुलडोजर कहर बरपा ही देता है। इससे व्यक्ति ही नहीं उसके पूरे परिवार का जीवन जुड़ा होता है। निस्संदेह, किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में बुलडोजर संस्कृति का कोई स्थान नहीं हो सकता। इससे कानून व्यवस्था व सार्वजनिक व्यवस्था का बड़े पैमाने पर अतिक्रमण होता है। इसे धर्म-संप्रदाय का कवच देकर न्यायसंगत ठहराने की कोशिश भी होती है। राज्य सरकारों व स्थानीय प्रशासनिक इकाइयों को जनहित में कार्रवाई करनी भी चाहिए, लेकिन कायदे-कानूनों को ताक पर नहीं रखा जा सकता। वहीं जहांगीरपुरी में जब नगर निगम अधिकारियों ने कथित अवैध निर्माण हटाने का काम शुरू किया तो उन्हें एमसीडी एक्ट के प्रावधानों का पालन करना चाहिए था। एमसीडी एक्ट में इस बात का साफ-साफ उल्लेख है कि किसी भी अवैध निर्माण को हटाने से पहले नोटिस दिया जाना चाहिए। किसी भी पक्के निर्माण से पहले नोटिस की यह अवधि कम से कम पांच से पंद्रह दिन की होती है। वहीं नोटिस न देने की छूट सिर्फउस स्थिति में ही जब निर्माण अस्थायी हो। विडंबना यह है कि मध्य प्रदेश से लेकर जहांगीरपुरी तक जो पक्के निर्माण गिराये गये हैं, न तो उनके मालिकों को नोटिस दिये गये और न ही उन्हें नोटिस के खिलाफअपनी शिकायत दर्ज करने का मौका ही । निस्संदेह यह कार्रवाई न्याय की मूल धारणा के विरुद्ध है। भला हो सुप्रीम कोर्ट का जिसने समय रहते बुलडोजर के पहिए थाम दिये। निस्संदेह, यदि यह मामला देश के दूरदराज के इलाके में घटित होता तो इतनी जल्दी मीडिया की पकड़ में न आता और न्यायिक सक्रियता में भी विलंब होता। जाहिर है अदालत के हस्तक्षेप के बाद अब बुलडोजर संस्कृति के जरिये अल्पकालिक राजनीतिक लाभ उठाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा। मगर इस तरह की कार्रवाई के दूरगामी घातक परिणाम भी हो सकते हैं। निस्संदेह, दंगों में कुछ लोगों की भूमिका हो सकती है, लेकिन इसके चलते उनके घर व दुकान ध्वस्त करना भी तो न्याय नहीं है। यह परिवार की जीविका और जीवन के अधिकार का अतिक्रमण भी तो है। निस्संदेह, मामले की असलियत अदालत की आगे की कार्रवाई से ही सामने आयेगी। लेकिन एक बात तो तय है कि बुलडोजर के अन्यायपूर्ण इस्तेमाल की संस्कृति पर लगाम लगनी ही चाहिए।

“ निस्संदेह यह कार्रवाई न्याय की मूल धारणा के विरुद्ध है। भला हो सुप्रीम कोर्ट का जिसने समय रहते बुलडोजर के पहिए थाम दिये। निस्संदेह, यदि यह मामला देश के दूरदराज के इलाके में घटित होता तो इतनी जल्दी मीडिया की पकड़ में न आता और न्यायिक सक्रियता में भी विलंब होता। जाहिर है अदालत के हस्तक्षेप के बाद अब बुलडोजर संस्कृति के जरिये अल्पकालिक राजनीतिक लाभ उठाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा। मगर इस तरह की कार्रवाई के दूरगामी घातक परिणाम भी हो सकते हैं। निस्संदेह, दंगों में कुछ लोगों की भूमिका हो सकती है, लेकिन इसके चलते उनके घर व दुकान ध्वस्त करना भी तो न्याय नहीं है। यह परिवार की जीविका और जीवन के अधिकार का अतिक्रमण भी तो है। निस्संदेह, मामले की असलियत अदालत की आगे की कार्रवाई से ही सामने आयेगी। लेकिन एक बात तो तय है कि बुलडोजर के अन्यायपूर्ण इस्तेमाल की संस्कृति पर लगाम लगनी ही चाहिए।

# यूक्रेन से आगे की दुनिया

शशि शेखर



आज यूक्रेन पर रूसी हमले के दो महीने पूरे हो गए। क्या आपको नहीं लगता कि हम अवश दुनिया में रह रहे हैं? एक बलवान पड़ोसी अपने से कहीं कमजोर मुल्क को लूट-खसोट रहा है, उसके सैनिक महिलाओं-नाबालिगों से बलात्कार कर रहे हैं, बड़ी संख्या में लोगों को अगवा कर बेचने के आरोप लग रहे हैं और तथाकथित 'ग्लोबल विलेज' के हुक्मरां निरुपाय खड़े हैं।

संयुक्त राष्ट्र से जुड़ी संस्था 'ऑफिस ऑफ दि हाई कमिश्नर फॉर ह्यूमन राइट्स' (ओएचसीएचआर) के मुताबिक, 24 फरवरी से पिछले सप्ताह तक 50 लाख लोग यूक्रेन से पलायन कर चुके हैं। अब तक दो हजार से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें अबोध बच्चे भी हैं। इन अबोध बच्चों की भला किससे क्या दुश्मनी थी, पर क्रूर सत्ता-पिपासा सिर्फ लहू देखती है। दुनिया के शीर्ष अरबपतियों में शुमार रूसी कारोबारी ओलेग तिनकोव ने इसे 'पागलपन का युद्ध' करार दिया है। व्लादिमीर पुतिन पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1820 के मुताबिक युद्ध-अपराध का मुकदमा चलाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। हालांकि, यूक्रेन उनके लगातार दांत खट्टे कर रहा है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने खुद माना है कि पहले एक महीने में उसके 1,351 सैनिक शहीद हुए और 3,825 घायल हुए। बाद के दिनों में यह संख्या शायद इतनी बढ़ी कि मंत्रालय ने सूचनाएं सार्वजनिक करने से परहेज बरतना शुरू कर दिया।

यही वजह है कि खिसियाए पुतिन संहारक हमलों का विस्तार करते जा रहे हैं। तीन दिन पहले रूसी फौजों ने जबरदस्त लड़ाई के बाद समुद्री शहर मारियुपोल पर कब्जा कर लिया था। अब उनकी नजर डोनबास और ओडेसा पर है। मारियुपोल अगर यूक्रेन का दूसरा सबसे बड़ा शहर है, तो ओडेसा इस देश का सबसे बड़ा बंदरगाह। अगर रूसी टैंक वहां काबिज हो गए, तो यूक्रेन 'लैंड लॉक्ड' यानी समुद्र विहीन देश बनकर रह जाएगा। इस स्थिति में आसानी से वह न निर्यात कर पाएगा, न ही आयात। ऐसी स्थिति में जेलेंस्की को हटाकर कोई कठपुतली हुक्मरां तैनात करना आसान होगा। सवाल उठ रहा है, दुनिया के ताकतवर देश कब तक यूं ही जुबानी जुगालियां करते रहेंगे? बाहरी दखल रोकने के लिए पुतिन धमकी दे चुके हैं कि यूक्रेन में किसी और की आमद परमाणु युद्ध की शुरुआत होगी। अपनी इस धमकी को वास्तविकता का चोगा पहनाने के लिए उन्होंने परमाणु कमांड को सक्रिय कर दिया है। क्या हम तीसरे विश्व-युद्ध के मुहाने पर खड़े हैं? तय है, विश्व-युद्ध हो न हो, पर यह दुनिया अब पहले जैसी नहीं रहेगी। ऐसा कहने की सबसे बड़ी वजह यह है कि यूरोप में रूस के खिलाफअभूतपूर्व लामबंदी दिख रही है। इस महाद्वीप की चिंताएं बहुआयामी हैं। जर्मनी के एक महत्वपूर्ण नेता ने युद्ध शुरू होते ही कहा था कि हम अब तक सुरक्षा अमेरिका से, ऊर्जा रूस से और जरूरी सामान चीन से आयात करते रहे हैं। एक ही झटके में यह सब कुछ बिखरता लग रहा है। सिर्फजर्मनी ही नहीं, यूरोप के अन्य देशों के साथ अफ्रो-एशियाई देश भी अब अलग उपाय अपनाने पर मजबूर हो रहे हैं। यह ठीक है कि सस्ते दामों पर उपलब्ध रूसी तेल अभी तक पुतिन का हौसला बचाए हुए है, मगर उन पर कूटनीतिक शिकंजा कसता जा रहा है। आने वाले दिनों में रूसी तेल और अन्य उत्पादों पर लगाम लगती जाएगी। एक उदाहरण देता हूं। न केवल 600 प्रमुख अंतरराष्ट्रीय ब्रांड सोवियत भूमि से किनारा कर गए हैं, बल्कि शीर्षतम शिपिंग कंपनियां भी वहां जाने से कतरा रही हैं। इसके सर्वाधिक असर वाले उत्पादों में अखबारी कागज भी शामिल है। रूस कागज का प्रमुखतम निर्यातक है और वहां से आपूर्ति बंद होने के कारण अखबारी कागजों की कीमत में 175 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है। आने वाले दिनों में दुनिया भर में अखबारों को पन्ने कम करने और दाम बढ़ाने पर मजबूर होना पड़ सकता है। यही नहीं, कुछ कंपनियां तो समूचा स्टील और कच्चे तेल के अलावा पाम ऑयल यूक्रेन से आयात करती थीं, वह बाधित हो गया है। कोरोना जो नहीं कर पाया, वह इस युद्ध ने कर दिखाया है। इससे बदहाली बढ़ने के संकेत साफदिख रहे हैं।

इसके साथ तमाम देशों ने अपने रक्षा बजट में मजबूरन दोगुनी तक की बढ़ोतरी कर दी है। उन्हें प्रतिरक्षा सामग्री की खरीद के लिए अन्य खर्चों में जबरदस्त कटौती करने को बाध्य होना पड़ेगा। इसका असर गरीबी उन्मूलन, मारक बीमारियों से बचाव और पर्यावरण पर सर्वाधिक पड़ने वाला है। पिछले तीन दशक 'शांति, समृद्धि और विकास' के थे, पर इस आक्रमण ने उन्हें अतीत की बात बना दिया है।

समाजशास्त्री आशंकित हैं कि भय, भूख, गरीबी और पर्यावरण की बेकदरी अराजकता को बढ़ावा देगी। रूस ने जब सीरिया पर बमबारी की थी, तब जलावतनों के जत्थे के जत्थे यूरोप के दर पर दस्तक देने लगे थे। इससे वहां सामाजिक असंतुलन पैदा होने की आशंका फैली। आशंकाओं के डैने धुर दक्षिणपंथ के प्रसार में बड़ी भूमिका अदा करते हैं। कट्टरपंथी इन देशों में चुनाव भले न जीत पाएं, पर कट्टरता को पैर पसारने से कोई नहीं रोक सकता।

भारत के लिए यह स्थिति चुनौती और अवसर, दोनों लेकर आई है। इस सारे तमाशे में रूस के साथ चीन के भी अलग-थलग पड़ने के संकेत दिख रहे हैं। अमेरिका और पश्चिम पहले से ही बीजिंग की उभरती शक्ति से आशंकित और आतंकित थे। रूस को चीन से मिल रहा सहयोग उसे बढ़ावा दे रहा है। चीन को भी आने वाले दिनों में तरह-तरह की बंदिशों अथवा बहिष्कार का सामना करना पड़ सकता है। भारत ऐसे में सहज विकल्प के तौर पर उभरता है। पिछले सप्ताह ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच में हुई बातचीत के परिणाम इसकी ताईद करते हैं।

कुछ भले संकेत तो अभी से ही मिलने लगे हैं। मसलन, इस साल किसानों को खरीद के लिए ज्यादा माथापच्ची नहीं करनी पड़ रही। पिछले वर्षों के मुकाबले इस साल निजी कारोबारी किसानों से बेहतर मूल्य में अधिक गेहूं खरीद रहे हैं। पंजाब में निजी कारोबारियों ने अब तक पिछले आठ सालों में सबसे अधिक खरीद की है। दुनिया भर में बढ़ती महंगाई के मद्देनजर निजी कारोबारी अनाज निर्यात की संभावनाएं देख रहे हैं। भारतीय दवा कंपनियों से भी यूरोप ने संपर्क साधा है। युद्ध के प्रसार की स्थिति में इस महाद्वीप को तरह-तरह की दवाओं की आवश्यकता पड़ेगी। वैसे भी, चीन पर अति-निर्भरता की वजह से औषधि बाजार में सन्नाटा है। यही नहीं, यूरोप के तमाम देश अभी दक्ष कारीगरों और अभियंताओं की कमी से जूझने जा रहे हैं, क्योंकि वहां स्टील, टेक्सटाइल्स और अन्य कारखाने लगाने के प्रस्ताव तेजी पकड़ चुके हैं। भारत में विश्व के सर्वाधिक ग्रेजुएट हैं। इनमें इंजीनियर और डॉक्टर भी शामिल हैं। आने वाला समय भारतीय दक्षता के प्रसार का हो सकता है।

उम्मीद है, नई दिल्ली की सजग सतर्कता आने वाले दिनों में समूची दुनिया में भारत को उसका उचित स्थान दिलाने में कामयाब होगी।

“ समाजशास्त्री आशंकित हैं कि भय, भूख, गरीबी और पर्यावरण की बेकदरी अराजकता को बढ़ावा देगी। रूस ने जब सीरिया पर बमबारी की थी, तब जलावतनों के जत्थे के जत्थे यूरोप के दर पर दस्तक देने लगे थे। इससे वहां सामाजिक असंतुलन पैदा होने की आशंका फैली। आशंकाओं के डैने धुर दक्षिणपंथ के प्रसार में बड़ी भूमिका अदा करते हैं।

# उन्होंने एक इरादा बांधा कारवां बनता गया


डैनियल नूर, डॉक्टर और समाजसेवी

वह 25 जनवरी, 2022 की देर शाम थी। मंच से एक नौजवान का नाम पुकारा गया और उस शख्स के अपनी जगह पर पहुंचने से पहले ही ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने खुद आगे बढ़कर उसे गले से लगा लिया। पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और वह नाम अपने वजूद के साथ दुनिया भर में सुर्खरू हो गया। '2022 यंग ऑस्ट्रेलियन ऑफ द ईयर' अवॉर्ड ने डैनियल नूर और उनके काम को संसार भर में पहुंचा दिया।

दरअसल, एक बेहतर जिंदगी की तलाश में डैनियल के माता-पिता मोना और जॉन नूर 1970 के दशक में मिस्र से सिडनी चले आए थे। नया शहर था, लेकिन पिता जॉन को बाल सेवा विभाग में नौकरी मिल गई थी। इज्जत से गुजारा तो हो जा रहा था, पर दूसरे मुल्क में स्थायी रूप से बसने के लिए उन्हें काफी पैसे की दरकार थी, जो उस नौकरी से पूरी नहीं हो सकती थी। आखिरकार, उन्होंने ऑफिस फर्नीचर का कारोबार शुरू किया। उस काम से कुछ उम्मीदें बंधने लगी थीं। इस दरम्यान परिवार में क्रिस्टोफर और डैनियल की आमद हो चुकी थी। मिस्र की तमाम अनिश्चितताओं से दूर एक खुशहाल लोकतांत्रिक माहौल में बेटों के भविष्य को लेकर जॉन और मोना को कोई खास चिंता नहीं थी, मगर अपनी जड़ों से उखड़े हुए लोग कभी बेफिक्र भी कहां होते हैं, इसलिए मां दोनों बेटों के साथ साये की तरह लगी रहती थीं।

दक्षिणी सिडनी के उपनगर पीकहर्स्ट में नूर परिवार रहा करता था। इसी से लगे रिवरवुड के सेंट जोसेफ्स कैथोलिक प्राइमरी स्कूल में डैनियल को दाखिला मिल गया। मिशनरी स्कूल होने के कारण इसकी फीस भी कम थी। भाई क्रिस्टोफर से उलट डैनियल बचपन में पढ़ाई से खूब भागते थे। उनकी चंचलता को लेकर शिक्षक अक्सर यही शिकायत करते कि इससे डैनियल की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, लेकिन डैनियल की मासूम शरारतों ने उन्हें घर-स्कूल में सबका चहेता भी बना रखा था। किसी तरह प्राइमरी कक्षाएं पास करने के बाद वह सेंट मार्क्स कॉप्टिक ऑर्थोडॉक्स कॉलेज चले आए, जहां से उन्होंने के-12 की पढ़ाई पूरी की।

इस दौरान भी उन्होंने अपने अकादमिक रिकॉर्ड को लेकर बहुत संजीदगी नहीं दिखाई, लेकिन माता-पिता को अपनी परवरिश और बेटे की योग्यता पर पूरा भरोसा था। वे लगातार डैनियल को प्रोत्साहित करते रहे और इसका असर भी हुआ। के-12 के बाद उन्हें इंपीरियल कॉलेज, लंदन के मेडिकल स्कूल में



दाखिला मिल गया। एक खिलंदड़ स्वभाव का युवा दुनिया के सबसे संवेदनशील पेशे में आ गया था। लेकिन डैनियल अब पूरी संजीदगी के साथ इंसानी खिदमत के सारे तय सबक सीखने लगे। और यह उन पर किस कदर असरंदाज हुआ, इसकी मिसाल है- 'स्ट्रीट साइड मेडिक्स।'

जून 2019 की बात है। उस समय वह पाठ्यक्रम के आखिरी साल में थे। एक शाम अपनी इंटर्नशिप की शिफ्ट खत्म करके वह लौट रहे थे। रास्ते में वाटरलू स्टेशन पर एक जगह काफी भीड़ एकत्र थी। पास जाकर देखा, तो एक शख्स को दौरे पड़ रहे थे। तमाशाई भीड़ में से कोई उसकी मदद नहीं कर रहा था। डैनियल नूर ने फौरन उसकी 'एबीसी' की और यह सुनिश्चित किया कि पैरा-मेडिकल टीम के पहुंचने तक वह शांत रहे और अपने को कोई नुकसान न पहुंचा सके। उस बीमार शख्स के पास चार-पांच और बेघर लोग थे, जो उसके साथ वहीं रातें गुजारते थे। डैनियल ने उनमें से एक बेघर महिला से बात की, तो उसने बताया कि पीड़ित व्यक्ति न तो शराब पीता है और न ही ड्रग्स लेता है, फिर भी उसे महीनों से ऐसे दौरे पड़ते हैं। जब उन्होंने उससे पूछा, आखिर यह किसी डॉक्टर के पास या अस्पताल क्यों नहीं गया, तब उस बेघर स्त्री के रुंधे गले से दुत्कार की जो दास्तान सुनी, वह डैनियल को आहत कर गई। अस्पतालों की निगाह में वे सभी ड्रग्स के लती थे। इन बेघरों का पुरसाहाल कोई न था। तंत्र और समाज से उस महिला की शिकायतों को याद करके डैनियल पूरी रात सो नहीं सके। रह-रहकर उनका मन वाटरलू स्टेशन पर पहुंच जाता था। और उसी रात उन्होंने तय किया कि वह जब ऑस्ट्रेलिया लौटेंगे, तब ऐसे लोगों को यूं तड़प-तड़पकर मरने नहीं देंगे। यूनिवर्सिटी की छुट्टियों में डैनियल जब सिडनी लौटते, तो हर सप्ताहांत वह बेघरों में भोजन वितरित करने जाया करते थे। यह उनके चर्च का कार्यक्रम था, जिसमें बतौर वॉलंटीयर वह अपनी सेवाएं देते थे। इस तरह वह सिडनी के बेघरों से अच्छी तरह वाकिफ थे। फरवरी 2020 में सिडनी में उन्होंने 'स्ट्रीट साइड मेडिक्स' नाम से एक गैर-लाभकारी संगठन का रजिस्ट्रेशन कराया। उनकी रहमदिली और प्रतिबद्धता का आलम यह रहा कि उनके पास जो कुछ भी पूंजी थी, उन्होंने सारी इस अभियान में लगा दी। जिन-जिन से वह मदद ले सकते थे, उनसे संपर्क किया, उनकी सहायता ली। जुलाई 2020 में संस्था के पास अपनी मेडिकल वैन आ गई, जो सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस थी। सिर्फदो स्वयंसेवकों के साथ डैनियल बेघर दीन-दुखियों की सेवा में जुट गए।

अस्पताल में अपनी पेशेवर जिम्मेदारियां निभाने के बाद डॉक्टर डैनियल नियमित रूप से बेघर बीमारों का इलाज में लगे रहे। हाशिये पर पड़े लोगों की इस नि:स्वार्थ सेवा ने कई लोगों को प्रभावित किया। आज उनकी टीम में 220 वॉलंटीयर हैं, जो दो मेडिकल वैन में घूम-घूमकर सैकड़ों बेघरों का मुफ्त में इलाज करते हैं। वह अब तक 500 से अधिक बेघर, लावारिस लोगों का उपचार कर चुके हैं। डैनियल उनमें से कई को कैंसर, एचआईवी, हेपेटाइटिस-सी जैसे गंभीर रोगों में राहत बांट रहे हैं। असहाय होने की कराह और पीड़ा से मुक्ति के बाद की दुआएं सबसे पुरअसर होती हैं। महज 32 साल के डैनियल को आज यदि दुनिया भर में लोग जानने लगे हैं, तो यह उन दुआओं का ही सिला है।

प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे

9827806026, 7869620239
























COMMERCE GURU
"सफलता का गुरु मंत्र"
Specialized Institute for...
CA Chartered Accountant
CMA Cost & Management Accountant
B.Com Bachelor of Commerce
11th/12th Commerce Class
BBA Bachelor of Business Administration
www.commerceguru.in @commerceguru
commerceguru2011@gmail.com
35,Gourav Path, Sundar Nagar,Bhilai
+91 9644454810
+91 9644454810

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### पंचायतीराज संस्थाएं विकास एवं जन कल्याण के लिए शासन और जनता के बीच की महत्वपूर्ण कड़ी - सिंहदेव

**रायपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस पर प्रदेश की त्रिस्तरीय पंचायतीराज संस्थाओं के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने बधाई संदेश में कहा है कि ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों एवं जिला पंचायतों के प्रतिनिधि शासन की विकास योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। स्थानीय स्वशासन की सक्रिय इकाई के रूप में वे ग्रामीण व्यवस्थाओं के संचालन और विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पंचायतीराज दिवस के मौके पर मैं प्रदेश भर के पंचायतीराज प्रतिनिधियों के खुशहाल और सेहतमंद जीवन की कामना करता हूं।

### इथेनॉल उत्पादकों एवं प्रस्तावित उत्पादित इकाईयों से पेट्रोलियम मार्केटिंग कम्पनियों के साथ इथेनॉल खरीदी आवेदन आमंत्रित

**रायपुर।** भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा 22 अप्रैल को अधिसूचना जारी कर वर्तमान इथेनॉल उत्पादकों एवं प्रस्तावित उत्पादित इकाईयों से पेट्रोलियम मार्केटिंग कम्पनियों के साथ इथेनॉल खरीदी हेतु आगामी 6 माह की अवधि में आवेदन आमंत्रित किए हैं। उद्योग संचालनालय से मिली जानकारी अनुसार यह सुविधा ऐसी इकाईयों को प्रदान की जाएगी, जिन्होंने फीड स्टॉक जैसे अनाज (चावल, गेहूं, जौ, मक्का तथा सोरघम), गन्ना (चीनी, चीनी सिरप, गन्ने के रस, बी-हैवी शीरा, सी-हैवी शीरा सहित) चुकन्दर आदि के फर्स्ट जनरेशन (1जी) के उत्पादन हेतु अपनी मौजूदा इथेनॉल डिस्टिलेशन क्षमता में वृद्धि या नई डिस्टलरी स्थापित करने के लिए इथेनॉल परियोजना के लिए भूमि का अधिग्रहण किया गया है और पर्यावरणीय मंजूरी प्राप्त कर चुकी है। इच्छुक आवेदक सह प्रस्ताव निर्धारित प्रपत्र में डीएफ्पीडी पोर्टल में आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। भारत सरकार मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग की वेबसाईट के नोटिस बोर्ड पर प्राप्त की जा सकती है।

# गावों के विकास में महिलाएं आगे आकर कार्य करें - डॉ. चरणदास महंत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर-चांपा।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा कि हमारी सरकार ने महिलाओं को आगे लाने और ग्रामों के विकास में नेतृत्व करने का अवसर हमेशा देती आई है। उन्होंने महिलाओं का आह्वान कर कहा कि वे ग्रामों के विकास के कार्य तथा महत्वपूर्ण निर्णयों और योजनाओं के क्रियान्वयन में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करें। वे आज बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम पिपरदा और उच्च भट्ठी में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे।

डॉ महंत ने कहा कि पुरुषों की तुलना में महिलाओं में किसी भी कार्य को गुणवत्ता और व्यवस्थित रूप से करने की प्रकृति प्रदत गुण मौजूद रहता है। उन्होंने महिलाओं से इसका उपयोग ग्राम और समाज के विकास में करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी द्वारा पंचायतों में महिलाओं के लिए 33त्न आरक्षण के फ्ल स्वरुप आज ग्राम पंचायतों में सरपंच,जनपद और जिला पंचायतों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ा है। डॉ महंत ने पिपरदा तथा बम्हनीडीह विकासखंड के विभिन्न ग्रामों में पटेल समाज के लोगों द्वारा बहुतायत सब्जी उत्पादन का जिक्र करते हुए कहा कि मेहनतकश पटेल समाज द्वारा उत्पादित सब्जी अधिक दिनों तक सुरक्षित रहे, उन्हें उनकी उपज का सही मूल्य मिले और उनका आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त हो सके इसके लिए बम्हनीडीह विकासखंड में कोल्ड स्टोरेज और फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की जाएगी। डॉ महंत ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के गांवों का गत सवा 3 साल से तेजी से विकास हो रहा है। पिछड़े क्षेत्र, गावों में प्राथमिकता से सड़क, भवन, पुल-पुलिया बनाए जा रहे हैं। इसका लाभ ग्रामीणों को आने वाले समय में मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा राज्य के मेहनतकश भूमिहीन कृषि मजदूरों के हित में राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर योजना शुरू की गई है। विधानसभा अध्यक्ष ने आज बम्हनीडीह विकासखंड के ग्राम पिपरदा में 23 लाख 85 हजार रुपए के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें बरेठ समाज का सामुदायिक भवन का भूमि पूजन लागत 10 लाख रुपए, पटेल समाज का सामुदायिक भवन का भूमि पूजन 10 लाख रुपए स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक शौचालय का लोकार्पण सामुदायिक चबूतरा का लोकार्पण 5.85 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का लोकार्पण शामिल है।



# एनआईसी छत्तीसगढ़ के डीआईओ के लिए तकनीकी विकास कार्यक्रम का हुआ आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** एनआईसी छत्तीसगढ़ के डीआईओ के लिए दो दिवसीय तकनीकी विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन 21 और 22 अप्रैल 2022 को हुआ। मुख्य अतिथि डॉ के.पी.सिंह, सचिव, छत्तीसगढ़ शासन ने मां सरस्वती की वंदना व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर संजय कपूर (उप महानिदेशक और राज्य समन्वयक, एनआईसी नई दिल्ली), डॉ अशोक कुमार होता (राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी), टी.एन. सिंह (अतिरिक्त एसआईओ (राज्य), ए.के.सोमशेखर (अतिरिक्त एसआईओ (जिला)) और पी रामाराव (अतिरिक्त एसआईओ (जिला)) उपस्थित थे। कार्यक्रम में मासिक कार्य रिपोर्ट (एमडब्ल्यूआर) का विमोचन भी किया। इस अवसर पर डॉ. बी.के.मूर्ति, सीईओ, इनोवेशन सेल, आईआईटी भिलाई ने डिजिटल गवर्नेंस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महत्व को समझाते हुए तकनीकी सत्र की शुरुआत की, इसके बाद डॉ. गगन राज गुप्ता, एसोसिएट प्रोफेसर, आईआईटी भिलाई द्वारा डेटा एनालिटिक्स फॉर सिटीजन फ्रेंडली गवर्नेंस की जानकारी दी। तकनीकी सत्र मे डॉ. सुमीत गुप्ता, प्रोफेसर, आईटी और सिस्टम, आईआईएम-रायपुर ने सरकारी प्रणाली के लिए ब्लॉकचैन स्ट्रैटेजी के निर्माण की आवश्यकता के संबंध में बताया। कार्यक्रम में जिला सूचना विज्ञान अधिकारियों ने उभरती हुई प्रौद्योगिकी के उपयोगिता पर विचार व्यक्त किए। ए.के. सोमशेखर द्वारा निकलर और टेलीप्रैक्टिस पर प्रेजेंटेशन दिया एवं निकलर आधारित सॉफ्टवेयर इंजीनियरिग और उभरती प्रौद्योगिकियों पर क्विज आयोजित किया।

# किसानों को केसीसी उपलब्ध कराने चलेगा विशेष अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** भारत सरकार किसान भागीदारी प्राथमिकता द्वारा अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की परिधि में लाया जाना है। साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत ऐसे लाभार्थियों को जो केसीसी नहीं ले रहे है उन्हें केसीसी उपलब्ध कराने हेतु 24 अप्रैल 2022 से 01 मई 2022 तक विशेष अभियान चलाकर केसीसी उपलब्ध कराया जाना है। पंचायत विभाग के द्वारा 24 अप्रैल 2022 को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाना है, जिसके एजेण्डा मे उक्त कार्य शामिल करते हुये अभियान प्रारंभ किया जाना है। उक्त अभियान को सुचारू रूप से क्रियान्वयन हेतु भारत सरकार कृषि मंत्रालय द्वारा स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) किसान क्रेडिट कार्ड किसान भागीदारी प्राथमिकता से 24 अप्रैल 2022 से 01 मई 2022 तक जारी किया गया है।

किसान भागीदारी प्राथमिकता हमारी अभियान अंतर्गत जिला प्रशासन के समस्त संबंधित राजस्व, कृषि, पंचायत, सहकारिता, नाबार्ड, वित्तीय संस्थायें एवं अन्य विभाग समन्वय स्थापित कर विशेष शिविर का आयोजन कर अधिक से अधिक कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड की परिधि में लाना सुनिश्चित करते हुये प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत ऐसे लाभार्थियों को जो केसीसी नहीं ले रहे हैं, उन्हें केसीसी उपलब्ध कराने हेतु उनसे सम्पर्क एवं प्रचार-प्रसार

# प्रभारी पीएल पुनिया ने प्रकोष्ठ विभागों की समीक्षा किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया, प्रभारी सचिव डॉ. चंदन यादव सप्तगिरी शंकर उल्का, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कांग्रेस के मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ विभाग अध्यक्षों तथा प्रमुख पदाधिकारियों से वन टू वन चर्चा कर उनके संगठन की गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी लिया तथा आगामी महीनों की कार्य योजना की जानकारी मांगा। सदस्यता अभियान में योगदान। कार्यकारिणी की स्थिति। निष्क्रिय पदाधिकारियों की संबंध में जानकारी। जिला अध्यक्षों के पर्फामेंस। बूथ लेवल पर कार्यक्रम बनाने कहा गया। संगठन की समीक्षा कर निष्क्रियों को हटाने का निर्देश। महिला कांग्रेस से महंगाई को लेकर आंदोलन करने को कहा तथा महिलाओं से संबंधित मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाने का निर्देश दिया। सेवादल को निर्देश दिया कि ट्रेंड लोगों का सम्मेलन किया जाये। रिफ्रेशर कैंप लगाने को कहा। असंगठित मजदूर कांग्रेस को मजदूरों में कांग्रेस सरकार की योजना पहुंचाने को कहा गया। किसान कांग्रेस को निर्देश दिया कि गौठान में भी किसान कांग्रेस सरकार की योजना की मॉनिटरिंग करें। संस्कृति प्रकोष्ठ का कलाकारों का मई में सम्मेलन और सम्मान समारोह आयोजित होगा। युवा कांग्रेस, एनएसयूआई से सरकार की योजनाओं के प्रचार तथा बूथ लेवल तक संगठन को प्रभावी बनाने के निर्देश दिया गया। संचार विभाग की समीक्षा में ब्लॉकों तक मुद्दे पहुंचाने के लिये संचार विभाग द्वारा बनाये गये नेटवर्क की समीक्षा किया गया। बैठक में अल्पसंख्यक विभाग, चिकित्सा विभाग, आईटीसेल, आरटीआई विभाग, असंगठित समस्या निवारण प्रकोष्ठ, इंटक, विधि विभाग, आदिवासी कांग्रेस, अनुसूचित जाति विभाग, मछुआ कांग्रेस, विकलांग सेवा प्रकोष्ठ की समीक्षा की गयी। बैठक में एआईसीसी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, प्रदेश प्रभारी सचिव द्वय डॉ. चंदन यादव, सप्तगिरी शंकर उल्का, राज्यसभा सांसद एवं महिला कांग्रेस अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम, प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला, प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवि घोष, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, महामंत्री अमरजीत चावला, कार्यसमिति सदस्य शकुन डहरिया, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे, महामंत्री पीयूष कोसरे, अमित वास्तव, संतोष पाण्डेय राजेश प्रसाद गुप्ता मनोज वर्मा, मनोज सोनकर, महेन्द्र कुमार देवांगन, अंकित मिश्रा, अनिल कुमार किस्पोट्टा, झुमुक निषाद प्रेमलाल, सिद्धार्थ चंद्रा, सुंदर लाल उपस्थित थे।

### कृषि उत्पादन आयुक्त ने अधिकारियों और फर्टिलाईजर कम्पनियों के पदाधिकारियों की ली बैठक

# खरीफ 2022 के लिए छत्तीसगढ़ द्वारा 13.70 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की मांग को केन्द्र सरकार ने दी स्वीकृति

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। खरीफ फसल 2022 के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 13.70 लाख मेट्रिक टन रासायनिक उर्वरकों की मांग को केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृति दी गई है। यह जानकारी कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह की अध्यक्षता में आज यहां महानदी मंत्रालय भवन में कृषि सहकारिता एवं पंजीयक विभागों सहित आपूर्तिकर्ता फर्टिलाईजर कम्पनियों के पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक में दी गई।

बैठक में खरीफ 2022 में राज्य के किसानों की डिमांड के आधार पर सभी प्रकार के रासायनिक उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कृषि उत्पादन आयुक्त ने विभागीय अधिकारी एवं फर्टिलाईजर कम्पनियों के पदाधिकारियों को समन्वय बनाकर शेड्यूल प्लान के अनुसार राज्य में उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

बैठक में जानकारी दी गई कि खरीफवर्ष 2022 हेतु 13.70 लाख मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरकों की मांग भारत सरकार को भेजी गई थी, जिसमें यूरिया 6.50 लाख मीट्रिक टन, डीएपी 3 लाख मीट्रिक टन, पोटाश 80 हजार मीट्रिक टन, एनपीके काम्प्लेक्स 1.10 लाख मीट्रिक टन एवं सुपर फॉस्फेट (राखड) 2.30 मीट्रिक टन शामिल है। भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ की मांग के अनुरूप 13.70 लाख मीट्रिक टन उर्वरक की आपूर्ति की स्वीकृति दी गई है।

बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य में अब कुल 3,92,983 मीट्रिक टन उर्वरक का भंडारण हुआ है, जिसमें यूरिया 2,39,895 मीट्रिक टन, डीएपी 16,385 मीट्रिक टन, एनपीके 17,035 मीट्रिक टन, पोटाश 10,205 एवं सुपर फास्फेट (राखड़) 1,09,463 मीट्रिक टन शामिल है। भण्डारित मात्रा में सहकारिता क्षेत्र में कुल 1,18,037 मीट्रिक टन भंडारण है। सहकारिता क्षेत्र में यूरिया 83,811 मीट्रिक टन, डीएपी 686 मीट्रिक टन, एनपीके 1,882 मीट्रिक टन, पोटाश 594 मीट्रिक टन एवं सुपर फॉस्फेट 31,565 मीट्रिक टन भंडारित है।

बैठक में चर्चा के दौरान इस बात कि जानकारी दी गई कि नवीन एनबीएस पॉलिसी जारी नहीं किये जाने के कारण रासायनिक उर्वरक डीएपी, एमओपी एवं एनपीके आपूर्तिकर्ताओं द्वारा खरीफ 2022 हेतु रासायनिक उर्वरक के लिये जारी निविदा में भाग नहीं लिया गया, जिसके कारण माह अप्रैल हेतु जारी आवंटन के विरुद्ध अब तक उपरोक्त उर्वरकों की आपूर्ति राज्य को नहीं हुई है। मार्कफेड द्वारा प्रदेश में उर्वरक आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु अप्रैल माह के आवंटन के अनुपात में अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की गई थी, जिसमें निविदा द्वारा डीएपी, एनपीके 12:32:16 एवं पोटाश की आपूर्ति हेतु निविदा प्रस्तुत की गई है।

कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा उर्वरक प्रदायको को निर्देशित किया कि उनके द्वारा वर्तमान में प्रस्तुत दरे यथा डीएपी हेतु 1350 रूपए प्रति बोरी, एनपीके 12:32:16 हेतु 1470 रूपए प्रति बोरी एवं पोटाश हेतु 1700 रूपए प्रति बोरी पर नवीन एनबीएस पॉलिसी जारी होने तक प्रदेश में उक्त उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित की जावेगी एवं प्रदेश में लाए जा रहे है।

# स्वर्गीय लता मंगेशकर की स्मृति में सिंगिंग आइडल ऑडिशन सम्पन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** स्वर कोकिला स्वर्गीय लता मंगेशकर की स्मृति में तथा सिंगरों को एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराने के उद्देश्य नगर निगम रायपुर के संस्कृति विभाग द्वारा रायपुर सिंगिंग आइडल के ऑडिशन नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन स्थित सभागृह में संपन्न हो रहें हैं।

आज के ऑडिशन में 140 से ज्यादा प्रतिभागियों ने ऑडिशन दिया जिसमे 5 वर्ष से 80 वर्ष तक प्रतिभागी सम्मिलित हुए। बता दें कि पिछले ऑडिशन में भी 150 से ऊपर प्रतिभागियों ने परफॉर्म किया था। इनमे से कई प्रतिभागियों की आवाज सुन कर जज भी चकित हो उठे ।प्रतिभागियों ने आयोजक नगर निगम आकाश तिवारी जो को इस आयोजन के लिए धन्यवाद दिया । इस प्रतियोगिता का दूसरे चरण का ऑडिशन 24/04/2022 को आयोजित किया जाना है ,जिसमे जजों के द्वारा चयनित टाप 40 प्रतिभागियों को परफॉर्म करने का मौका दिया जाएगा। यह ऑडिशन दोपहर 12 बजे से नगर निगम मुख्यालय ,महात्मा गांधी सादर , सभागृह चतुर्थ तल में आयोजित होगा। दूसरे चरण के प्रतिभागियों को टेलीफोन द्वारा दूसरे चरण के लिए सूचित किया जायेगा । कार्यक्रम का शुभ आरंभ माता सरस्वती की वंदना के साथ किया गया, इस अवसर में नगर निगम संस्कृति विभाग के प्रमुख आकाश तिवारी जी उपस्थित रहे। आकाश तिवारी द्वारा प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी गई और रायपुर शहर के सांस्कृतिक उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन भी दिया गया । उन्होंने कहा कि नगर निगम का प्लेटफॉर्म सबके लिए है और हम इस मंच से सभी को गाने का मौका देना चाहते हैं। हार जीत अपनी जगह है पर इस मंच से एक बार सभी को मौका दिया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि कार्यक्रम को जबरदस्त प्रतिसाद मिल रहा है और संस्कृति विभाग का बड़ा आयोजन है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी चाहते है के छत्तीसगढ़ को देश प्रदेश के हर पटल में उच्चतम स्थान प्राप्त हो, इसी उद्देश्य से प्रदेश के संस्कृति को और मजबूत करने और यहां की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने से ही इस लक्ष्य की प्राप्ति होगी।

RKMG COMMUNITY
Chhattisgarh: India
We are looking for 15 franchisees in Chhattisgarh for RKMG Community
RKMG Community is in the following business :
1. Advertising.
2. E-Commerce (Selling Products and Services to Our Customers to Solve their problems).
3. Advance technology driven job portal.
4. India's First Social and Professional Media Platform.
5. Giving Franchisee (Helping Indians to earn regularincome through this Model).
6. It's a franchisee and not MLM
Rs. 5000 + GST Franchisee
Please search RKMG Community on any search engine for your understanding.
Pradeep Kumar
Mob. 7828463843, 9424121355

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65



Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

गद्दा सादा 200/-
गद्दा हाथ बावडर 10 KG 650/-
गद्दा हाथ बावडर 15 KG 750/-
गद्दा मिनी चेक 6 KG 400/-
तकिया 100/- 2
तकिया 150/- 2
तकिया फायबर 250/- 2
कुशन फायबर 500/- सैट
MATTRESS 30% से 50% लेस
सफेद रूई के गद्दे 3X6 4X6 6X6 तैयार मिलते है।
सोफा कम बेड, बीन बैग, चादरें, सोफा कवर
संजय रूई भंडार
पंडरी मेन रोड, रायपुर
7987081626, 7987918262

## खास खबर

### राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन एवं राष्ट्रीय पुरस्कार वितरण समारोह कल

**रायपुर।** राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन एवं राष्ट्रीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 25 अप्रैल को राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 25 अप्रैल को प्रातः 10 बजे सम्मेलन कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। यह सम्मेलन छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन एवं राष्ट्रीय पुरस्कार वितरण समारोह में सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर, संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव, विधायक सत्यनारायण शर्मा, विधायक विकास उपाध्याय, मुख्यमंत्री के सलाहकार विनोद वर्मा, पूर्व सांसद एवं अध्यक्ष कृभको नई दिल्ली डॉ. चन्द्रपाल सिंह यादव, अध्यक्ष नेक्सकॉब मुम्बई, डॉ. कोंडुरू रविन्दर राव, अध्यक्ष नेफेड एवं अध्यक्ष दिल्ली स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक डॉ. विजेन्द्र सिंह, डॉ. सुनील कुमार सिंह एमएलसी एवं अध्यक्ष बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव मार्केटिंग यूनियन पटना और महापौर रायपुर एजाज ढेबर अति विशिष्ट अतिथि होंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चन्द्राकर करेंगे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी आवास संघ के अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अम्बिकापुर रामदेव राम, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर पंकज शर्मा, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव नवाज खान, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक बिलासपुर प्रमोद नायक, अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक दुर्ग जवाहर वर्मा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ झुनमुन गुप्ता, विशेष सचिव सहकारिता हिमशिखर गुप्ता और मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड डॉ. डी रविन्द्र विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### बारिश ने दिलाई उमस से राहत, तापमान दो डिग्री सेल्सियस लुढ़का

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के ऊपर स्थित हवा के चक्रीय चक्रवात के प्रभाव से शनिवार शाम राजधानी रायपुर में मौसम का मिजाज बदल गया। तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश होने से उमस से राहत मिली। साथ ही रायपुर के अधिकतम तापमान में भी दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दो दिनों में भी प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की वर्षा के आसार बने हुए हैं। साथ ही अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी।

शुक्रवार को पारे में आई गिरावट के बाद शनिवार को रायपुर, जगदलपुर व दुर्ग को छोड़कर दूसरे क्षेत्रों के अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। इसी प्रकार न्यूनतम तापमानों में रायपुर व दुर्ग संभाग में बढ़ोतरी हुई और दूसरे क्षेत्रों में ज्यादा बदलाव नहीं हुआ। दोपहर के समय तेज धूप के चलते उमस रही, लेकिन शाम को हुई बूंदाबांदी व ठंडी हवाओं से लोगों को राहत मिला। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि मौसम का मिजाज अभी आने वाले दो दिनों तक इस प्रकार ही रहेगा। हालांकि तापमान में बढ़ोतरी होने से उमस से राहत नहीं मिलेगी।

# रेरा के गठन से रियल इस्टेट के काम काज में आई पारदर्शिताः विवेक ढांड

### प्रोमोटर्स-बिल्डर्स की कार्यशाला सम्पन्न

### रियल इस्टेट कारोबार को मिल रहा राज्य सरकार का महत्वपूर्ण सहयोग

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) के अध्यक्ष विवेक ढांड ने कहा कि रियल इस्टेट सेक्टर को व्यवस्थित करने करने के लिए रेरा का गठन किया गया है। प्रोमोटर्स-बिल्डर्स के काम में दिक्कत पैदा करना कतई इसका उद्देश्य नहीं है। रेरा के अस्तित्व में आने से रियल इस्टेट के कारोबार में पारदर्शिता आई है। इससे प्रोमोटर्स-बिल्डर्स एवं उपभोक्ता दोनों को फायदा हुआ है। श्री ढांड बिलासपुर जिला कार्यालय में रेरा की कार्यशाला को संबोधित करते हुए इस आशय के विचार व्यक्त किये। कार्यशाला में बिलासपुर और सरगुजा संभाग के जिलों से आए प्रमोटर्स, आर्किटेक्ट एवं इंजीनियर सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए। कार्यशाला में रियल इस्टेट से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के बारे में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर समाधान निकाला गया। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के डायरेक्टर जयप्रकाश मौर्य एवं कलेक्टर सारांश मित्तर भी बैठक में उपस्थित थे।

रेरा अध्यक्ष विवेक ढांड ने अपने उदबोधन में कहा कि रियल इस्टेट सेक्टर का देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान है। जीडीपी में 6 फीसदी हिस्सेदारी इस सेक्टर की है। देश में 4 करोड़ से ज्यादा लोगों के रोजगार का यह जरिया बना है। उन्होंने बताया कि 250 प्रकार के उद्योगों द्वारा उत्पादित सामग्री का उपयोग इस सेक्टर में होता है। रेरा गठन के पूर्व इस सेक्टर में काफी मनमानी थी। उपभोक्ताओं का शोषण होता था। कोई सुनवाई के तंत्र नहीं था। इन तकलीफों को दूर करने के लिए वर्ष 2018 से राज्य में रेरा काम कर रहा है। प्रमोटर्स-बिल्डर्स को अपनी घोषणा के अनुरूप सुविधा उपभोक्ता को देनी होगी। समय पर प्लाट एवं भवन देना होगा अन्यथा कार्रवाई एवं जुर्माना भरना पड़ेगा। उन्होंने सभी बिल्डर्स को अपनी एकाउंट को हर तीन महीने में अपडेट करने को कहा ताकि रेरा की निगरानी बनी रहे और ग्राहकों को शोषण से बचाया जा सके। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण काम है। रेरा बिल्डर्स के लेखा देखने वालों को प्रशिक्षण भी देने को तैयार है। श्री ढांड ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा रियल इस्टेट सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए अच्छा काम किया जा रहा है। गत तीन-चार वर्ष से कलेक्टर गाइडलाईन की राशि नहीं बढ़ाई गई। यही नहीं बल्कि 30 फीसदी रियायत पर पंजीयन की अनुमति दी गई है। प्रमोटर्स-बिल्डर्स ने अपने अनुभव के आधार पर कई दिक्कतें गिनाई, जिनका अधिकारियों ने समाधान किया। क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष मृणाल गोलछा, क्रेडाई बिलासपुर अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव एवं विचार रखे। इस अवसर पर रेरा के अडजुडिकेटिंग अफसर सुश्री दीपा कटारे और रजिस्ट्रार डॉ. अनुप्रिया मिश्रा सहित अन्य विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# एनआईसी छत्तीसगढ़ के डीआईओ के लिए तकनीकी विकास कार्यक्रम का हुआ आयोजन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर (ए)।** एनआईसी छत्तीसगढ़ के डीआईओ के लिए दो दिवसीय तकनीकी विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन 21 और 22 अप्रैल 2022 को हुआ। मुख्य अतिथि डॉ केपी सिंह, सचिव, छत्तीसगढ़ शासन ने मां सरस्वती की वंदना व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर संजय कपूर (उप महानिदेशक और राज्य समन्वयक, एनआईसी नई दिल्ली), डॉ अशोक कुमार होता (राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी), टीएन सिंह (अतिरिक्त एसआईओ (राज्य), एके सोमशेखर (अतिरिक्त एसआईओ (जिला)) और पी रामाराव (अतिरिक्त एसआईओ (जिला)) उपस्थित थे। कार्यक्रम में मासिक कार्य रिपोर्ट (एमडब्ल्यूआर) का विमोचन भी किया।

इस अवसर पर डॉ. बीके मूर्ति, सीईओ, इनोवेशन सेल, आईआईटी भिलाई ने डिजिटल गवर्नेंस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के महत्व को समझाते हुए तकनीकी सत्र की शुरुआत की, इसके बाद डॉ. गगन राज गुप्ता, एसोसिएट प्रोफेसर, आईआईटी भिलाई द्वारा डेटा एनालिटिक्स फॉर सिटीजन फ्रेंडली गवर्नेंस की जानकारी दी। तकनीकी सत्र मे डॉ. सुमीत गुप्ता, प्रोफेसर, आईटी और सिस्टम, आईआईएम-रायपुर ने सरकारी प्रणाली के लिए ब्लॉकचैन स्ट्रैटेजी के निर्माण की आवश्यकता के संबंध में बताया। कार्यक्रम में जिला सूचना विज्ञान अधिकारियों ने उभरती हुई प्रौद्योगिकी के उपयोगिता पर विचार व्यक्त किए। एके सोमशेखर द्वारा निकलर और टेलीप्रैक्टिस पर प्रेजेंटेशन दिया एवं निकलर आधारित सॉफ्टवेयर इंजीनियरिग और उभरती प्रौद्योगिकियों पर क्विज आयोजित किया ।

22 अप्रैल को डॉ ए के होता, डीडीजी और एसआईओ, एनआईसी छत्तीसगढ़ द्वारा प्रभावी संचार पर और सुश्री ललिता वर्मा द्वारा सॉफ्टवेयर प्रबंधन गुणवत्ता पर विचार व्यक्त किए गए। उक्त 2 दिवसीय कार्यक्रम मानसिक स्वास्थ्य निदेशालय, छत्तीसगढ़ द्वारा तनाव प्रबंधन (गतिविधि आधारित) सत्र के गतिविधिओं के साथ सम्पन हुआ।

# छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा विभाग को मिला सीएसआई-एसआईजी का ई-गवर्नेंस अवार्ड

### स्कूली बच्चों के आंकलन एवं अभ्यास की टेली-प्रेक्टीज को रिकग्निशन केटेगरी में मिला अवार्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा विभाग कां सीएसआई-एसआईजी (कम्प्यूटर सोसायटी ऑफ इंडिया स्पेशल इंट्रेस्ट ग्रुप) के ई-गवर्नेंस अवार्ड 2021 से सम्मानित किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य को यह अवार्ड स्कूली बच्चों के आंकलन एवं अभ्यास कार्य को आसान बनाने के लिए लागू टेली-प्रेक्टीज के लिए रिकग्निशन केटेगरी में प्रदाय किया गया है। प्रयागराज स्थित मोती लाल नेहरू नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आज आयोजित 19वां सीएसआई-एसआईजी ई-गवर्नेंस अवार्ड को छत्तीसगढ़ की ओर से शिक्षा विभाग के डॉ. एम. सुधीश एवं एनआईसी की ओर से वरिष्ठ तकनीकी संचालक सोम शेखर एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक ललिता वर्मा ने प्राप्त किया। गौरतलब है कि शिक्षा विभाग में आंकलन एवं अभ्यास को आसान बनाने के लिए टेली-प्रेक्टीज कार्यक्रम प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा डॉ. आलोक शुक्ला एवं सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों के आकलन एवं अभ्यास कार्य को आसान बनाने एवं आकलन की प्रक्रियाओं में आमतौर पर होने वाली विसंगतियों को दूर करने राष्ट्रीय सूचना केंद्र (एनआईसी) के सहयोग से टेली-प्रेक्टीज नामक कार्यक्रम लागू किया जा रहा है। इसमें शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को टेलीग्राम में एक समूह बनाकर कार्य करना होता है। बच्चों के समक्ष प्रश्न आते-जाते हैं जिनका बिना समय गंवाए बच्चों को जवाब देना होता है। प्रत्येक बच्चे ई-जवाब का अपने आप अलग-अलग वीडियो बन जाता है। इन वीडियो को बाद में शिक्षक देखकर बच्चों का आकलन कर सकते हैं। इसी प्रकार बच्चे अपने उत्तर वाले वीडियो देखकर अगली बार अपनी त्रुटियों को सुधार कर सही उत्तर चनुकर अपने प्रदर्शन में सुधार कर सकते हैं।

टेली-प्रेक्टीज कार्यक्रम पूर्णतः छत्तीसगढ़ में एनआईसी छत्तीसगढ़ के सहयोग से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा उपयोग में लाया जा रहा है। इसमें उपयोग में लाए जाने वाले प्रश्न भी यहाँ के शिक्षक ही तैयार करते हैं। विभिन्न संस्थाओं ने राज्य में प्रचलित टेली-प्रेक्टीज को देखा है और उन्हें बच्चों के अभ्यास एवं शिक्षकों के आंकलन संबंधी कार्यों को आसान करने हेतु उपयोगी पाया है। इसे एनआईसी से उनके वरिष्ट तकनीकी संचालन सोम शेखर के नेतृत्व में तैयार किया गया है। राज्य में इसकी पायलटिंग समग्र शिक्षा से डॉ. एम. सुधीश के निर्देशन में की गयी है।

# रायपुर में शनिवार शाम को मौसम ने ली करवट, दिनभर उमस के बाद हुई राहत की बारिश



**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में शनिवार की शाम मौसम ने करवट ली। तेज हवा के साथ शाम को बारिश ने लोगों को उमस से राहत दिलाई। बता दें कि मौसम विज्ञानियों ने पहले ही बता दिया था कि आने वाले दिनों में छत्तीसगढ़ में बारिश की संभावना बनी हुई है। यहां पर चक्रीय चक्रवात की वजह से मौसम का मिजाज बदल गया है। इससे शनिवार को सुबह मौसम में ठंडक रही और रायपुर सहित प्रदेश भर में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट आई। शनिवार की शाम बादल छाएं रहे, कईयों को लगा ये बादल बिना बरसे ही चले जाएंगे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं काले मेघों ने राजधानी में राहत की बारिश कर सभी को गर्मी से थोड़ी ही सही लेकिन राहत पहुंचाई। वहीं तेज हवाओं के साथ हुई इस बारिश में कई राहगीर खुद को भींगने से रोक नहीं पाएं। उन्होंने गर्मी में बारिश का आनंद लिया। वहीं बीते शुक्रवार को रायपुर के अधिकतम तापमान में सामान्य से पांच डिग्री और न्यूनतम तापमान में सामान्य से चार डिग्री की गिरावट दर्ज की गई थी, लेकिन इससे लोगों को उमस से राहत नहीं मिली। मौसम में आए बदलाव की वजह से पखांजूर में 7 सेमी, सरायपाली 4 सेमी, धमधा 3 सेमी, राजनांदगांव 2 सेमी, दुर्ग-रायपुर 1 सेमी के साथ ही प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में भी हल्की वर्षा दर्ज की गई।

### राज्य के कई क्षेत्रों में हल्की वर्षा के आसार

मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दो दिनों में भी प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की वर्षा के आसार बने हुए हैं। हालांकि अधिकम व न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा। शुक्रवार शाम को मौसम में आए बदलाव की वजह से भले ही रायपुर, बिलासपुर, धमतरी, कांकेर सहित प्रदेश भर में हल्की वर्षा हुई। कुछ क्षेत्रों में तो शनिवार की सुबह भी हल्की वर्षा दर्ज की गई।

# किसानों के खेतों में बिखरेगी म्यूटेंट सुगंधित धान की महक

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा भाभा अटामिक रिसर्च सेन्टर, ट्राम्बे-मुम्बई के सहयोग से विकसित सुगंधित धान की नवीन म्यूटेन्ट किस्में अब किसानों के खेतों में भी महकेंगी। कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह ने इंदिरा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित सुगंधित धान की पांच नवीन म्यूटेन्ट किस्मों- ट्राम्बे छत्तीसगढ़ दुबराज म्यूटेन्ट-1, विक्रम टी.सी.आर., छत्तीसगढ़ जवांफूल म्यूटेन्ट, ट्राम्बे छत्तीसगढ़ विष्णुभोग म्यूटेन्ट तथा ट्राम्बे छत्तीसगढ़ सोनागाठी के बीज प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रगतिशील किसानों को वितरित किये। कृषि उत्पादन आयुक्त ने किसानों से आव्हान किया कि वे सुगंधित धान के उत्पादन के लिए आगे आएं, राज्य सरकार सुगंधित धान के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को हरसंभव मदद करेगी। उन्होंने छत्तीसगढ़ की परंपरागत सुगंधित धान की प्रजातियों की म्यूटेशन ब्रीडिंग के द्वारा नवीन उन्नत म्यूटेन्ट किस्में विकसित करने के लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। समारोह की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने की। इस अवसर पर भाभा अटॉमिक रिसर्च सेन्टर के संचालक डॉ. तपन कुमार घंटी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों में धान की हजारों परंपरागत किस्में पाई जाती है जो अपनी सुगंध, औषधीय गुणों तथा अन्य विशिष्ट गुणों के लिए मशहूर हैं। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा धान की ऐसी 23 हजार 250 परंपरागत किस्मों के जनन द्रव्य का संग्रहण किया गया है। धान की परंपरागत सुगंधित किस्मों की दीर्घ अवधि, अधिक ऊंचाई तथा कम उपज की वजह से धीरे-धीरे किसानों ने इनकी खेती करना कम कर दिया है। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा भाभा अटॉमिक रिसर्च सेन्टर मुम्बई के सहयोग से म्यूटेशन ब्रीडिंग के द्वारा सुगंधित धान की परंपरागत किस्मों की अवधि और ऊंचाई कम करने तथा उपज बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीछले 7 वर्षों से संचालित इस परियोजना के तहत उत्साहजनक परिणाम प्राप्त हुए हैं। परमाणु विकरण तकनीक के द्वारा प्रदेश की परंपरागत किस्मों- दुबराज, सफरी-17, विष्णुभोग, जवांफूल और सोनागाठी की नवीन म्यूटेन्ट किस्में विकसित की जा चुकी हैं, जिनकी अवधि और ऊंचाई में उल्लेखनीय कमी तथा उपज में आशातीत वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही धान की अन्य परंपरागत किस्मों के म्यूटेन्ट विकसित कर लिये जाएंगे। डॉ. चंदेल ने कहा कि अनुसंधान स्तर पर इन प्रजातियों के ट्रायल पूरे कर लिए गए हैं और अब इनके लोकव्यापीकरण हेतु किसानों के खेतों पर उत्पादन किया जा रहा है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर
| | फुल | हाफ |
|---|---|---|
| वेज मोमोस | 40/- | 20/- |
| मनचुरियन मोमोस | 50/- | 30/- |
| पनीर मोमोस | 60/- | 30/- |
मोमोस-10, 20 और 30 रू. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# डायबिटीज में आहार को लेकर बरतें विशेष सावधानी ब्लड शुगर कंट्रोल करने में ये टिप्स हैं मददगार

मधुमेह, तेजी से बढ़ती गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है, इसमें ब्लड में शुगर की मात्रा बढ़ जाती है जिसके कारण कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। आनुवांशिक कारकों के साथ जीवनशैली की गड़बड़ी और आहार का ध्यान न रखना आपकी इस समस्या को बढ़ा सकती है। बढ़े हुए ब्लड शुगर के लेवल को अगर अनुपचारित छोड़ दिया जाए तो इससे शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को भी क्षति पहुंचने का खतरा रहता है। टाइप-2 डायबिटीज, के मामले सबसे ज्यादा देखने को मिलते हैं, विशेषज्ञ मुख्यरूप से इसे जीवनशैली की गड़बड़ी के कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्या मानते हैं। इसमें रोगी को आहार का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी जाती है।



स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, जिन लोगों को मधुमेह की समस्या होती है, उन्हें इसे कंट्रोल करने के उपायों को लेकर विशेष ध्यान रखना चाहिए। विशेषरूप से आप किस तरह के आहार का सेवन करते हैं, यह ब्लड शुगर के स्तर को सीधे तौर पर प्रभावित कर सकता है। ऐसे रोगियों को डॉक्टर के सुझाव पर ही चीजों का सेवन करना चाहिए, कुछ फलों का सेवन भी डायबिटीज को बढ़ावा दे सकता है, ऐसे में खान-पान को लेकर विशेष सतर्कता बरतते रहने बहुत आवश्यक हो जाता है। आइए आगे इस बारे में विस्तार से समझते हैं कि आहार को लेकर किन बातों का विशेष ध्यान रखना आवश्यक हो जाता है?

### पोषकता वाली चीजों का सेवन जरूरी

डायबिटीज रोगियों के लिए आहार में प्रोटीन वाली चीजों को शामिल करना बहुत आवश्यक माना जाता है। इसके लिए पौधों पर आधारित चीजों का सेवन अधिक करना चाहिए। सेम और दाल, बीन्स, पनीर, दूध, दही आदि से शरीर के लिए आवश्यक मात्रा में प्रोटीन की प्राप्ति की जा सकती है। प्रोटीन के साथ-साथ फाइबर वाली चीजों का सेवन करना भी सुनिश्चित करें, ये आपके शुगर लेवल को बढ़ने से रोकने में सहायक हैं।

### कार्बोहाइड्रेट का भी सेवन जरूरी

आमतौर पर डायबिटीज वाले लोग कार्बोहाइड्रेट का सेवन बिल्कुल बंद कर देते हैं, हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञ इस तरीके को स्वस्थ नहीं मानते हैं। बेहतर स्वास्थ्य के लिए आहार में स्वस्थ कार्बोहाइड्रेट को शामिल करना भी जरूरी है। साबुत अनाज जैसे ब्राउन राइस, ताजे फल, सब्जियां, छोले, बीन्स और दाल, और डेयरी उत्पादों का सेवन करना आपके लिए बेहतर विकल्प हो सकता है।

### रेड और प्रोसेस्ड मीट से बनाएं दूरी

रेड और प्रोसेस्ड मीट के अधिक सेवन को कई अध्ययनों में स्वास्थ्य के लिए बहुत नुकसानदायक बताया गया है। डायबिटीज रोगियों को भी इससे बचाव करने की सलाह दी जाती है। विशेष रूप से प्रोसेस्ड मीट के अधिक सेवन से हृदय रोग, स्ट्रोक, मधुमेह, कुछ प्रकार के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। रेड मीट की जगह, चिकन और अंडों का सेवन किया जा सकता है। रेड मीट अधिक खाने वाले लोगों में ब्लड शुगर लेवल तेजी से बढ़ने का जोखिम बना रहता है।

### ज्यादा नमक भी है हानिकारक

डायबिटीज में चीनी के साथ नमक की मात्रा को लेकर भी सावधानी बरतनी चाहिए। भोजन को पकाते समय हल्के नमक का प्रयोग करें, भोजन पकने के बाद उसमें नमक न मिलाएं। इस प्रकार का भोजन रक्तचाप बढ़ाता है जिससे आंख और किडनी को नुकसान पहुंच सकता है। मधुमेह रोगियों को इन सभी स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम पहले से ही अधिक होता है, ऐसे में नमक की मात्रा का भी विशेष ध्यान रखें।

# करियर की शुरुआत में सेट पर उल्टियां साफ करती थीं रवीना टंडन, बोलीं- कभी नहीं सोचा था कि एक्टर बनूंगी

रवीना टंडन को फिल्म केजीएफ-2 में उनकी परफॉर्मेंस के लिए जमकर तारीफें मिल रही हैं। रवीना ने हाल ही में एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि एक फिल्मी फैमिली से बिलॉन्ग करने के बाद भी उन्होंने अपने करियर की शुरुआत स्टूडियो के फर्श पर उल्टियां साफकरने से की थी। साथ ही रवीना ने बताया कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वो एक्ट्रेस बन जाएंगी।



### 10वीं के बाद प्रहलाद कक्कड़ के साथ काम किया

रवीना ने बताया कि 10वीं क्लास पूरी करने के बाद वह डायरेक्टर प्रहलाद कक्कड़ को असिस्ट किया करती थीं। उन्होंने बताया, मैंने अपने करियर की शुरुआत स्टूडियो के फर्श पर पोछा लगाने और उल्टियां साफ करने से की थी। मैं डायरेक्टर प्रहलाद कक्कड़ को असिस्ट किया करती थी। तब वो मुझसे कहा करते थे कि तुम स्क्रीन के पीछे क्या कर रही हो, तुम्हें तो स्क्रीन के सामने होना चाहिए। और मैं हमेशा बोलती थी, 'नो नो मैं एक्ट्रेस? कभी नहीं।' मैं इस इंडस्ट्री में इत्तेफाक से हूं, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक एक्टर बनूंगी।

### कैसे बनीं मॉडल से एक्टर


रवीना ने आगे बताया कि वो फिल्मों में आने से पहले मॉडलिंग किया करती थीं। जब वो कक्कड़ के साथ काम कर रही थीं तब अगर कोई मॉडल सेट पर नहीं पहुंच पाती थी तो डायरेक्टर रवीना को मेकअप करके पोज देने के लिए कहते थे। तब रवीना ने डायरेक्टर के लिए फ्री में मॉडलिंग करने के बजाय इससे कुछ पैसा कमाने का सोचा। इसके बाद रवीना को फिल्मों के ऑफर आने लगे। रवीना ने बताया कि उन्हें उस वक्त न तो एक्टिंग आती थी, ना डांस और ना ही डायलॉग बोलने आते थे। सब उन्होंने काम करते हुए धीरे-धीरे सीखा।

### पहली फिल्म के लिए मिला फिल्मफेयर अवॉर्ड

रवीना टंडन ने इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरुआत साल 1991 में आई केजीएफ-2 'पत्थर के फूल' से की थी। जिसके लिए उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड 'लक्स न्यू फेस ऑफ द ईयर' से नवाजा गया था। रवीना को 2001 में उनकी फिल्म 'दामन' के लिए नेशनल फिल्म अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

# जानलेवा हो सकती है अकेलेपन की स्थिति, मन के साथ शरीर पर होता है इसका ऐसा नकारात्मक प्रभाव

कुछ स्थितियों जिन्हें मानसिक स्वास्थ्य के लिए काफी चुनौतीपूर्ण माना जाता रहा है, अकेलापन उनमें से एक है। अकेलापन दो प्रकार का होता है, पहला-एकांकी जीवन व्यतीत करना जिसमें किसी ध्येय के साथ लोगों से संपर्क तोड़कर सारा ध्यान लक्ष्य की तरफलगा दिया जाता है और दूसरा खालीपन, जिसमें व्यक्ति न चाहते हुए भी अकेला महससू करने लगता है। पहली स्थिति को मन को शांत करने वाला माना जाता है जबकि दूसरी स्थिति मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। जो लोग अकेले होते हैं वे अक्सर मानवीय संपर्क के लिए बार-बार कोशिश करते हैं, लेकिन उनकी मन:स्थिति अन्य लोगों के साथ संबंध स्थापित करने को अधिक कठिन बना देती है।



सामान्यतौर पर अकेलेपन को मानसिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर समस्या के तौर पर देखा जाता है, पर विशेषज्ञों का कहना है कि इससे उपजी कई स्थितियां शारीरिक स्वास्थ्य को भी गंभीर रूप से क्षति पहुंचा सकती हैं। वहीं कुछ स्वास्थ्य समस्याएं जानलेवा तक हो सकती हैं। यही कारण है कि अकेलेपन के कारणों का समय पर निदान और उसका उचित प्रबंधन आवश्यक माना जाता है। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

### अकेलेपन की पहचान कैसे की जाए?

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक लोगों से रिश्ते बनाने की कोशिशों के बाद भी सफल न हो पाने और इसके कारण उत्पन्न निराशा को इसका प्रमुख संकेत माना जाता है। पर यह मन के साथ आपके शारीरिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकती है, जिसके कारण व्यक्ति को कई तरह की समस्याएं होने लगती हैं।

- उदास और खाली महसूस करना।
- किसी चीज में खुशी न मिलना।
- सुस्ती, ऊर्जा में कमी और थकान महसूस करते रहना।
- सोने में कठिनाई या नींद न आना।
- भूख में कमी या खाने की बिल्कुल इच्छा न होना।
- आत्मविश्वास में कमी
- बेचैनी महसूस करना।

### अकेलेपन के क्या कारण हो सकते हैं?

कई कारण हैं जो आपमें अकेलेपन की समस्या को बढ़ावा दे सकते हैं। जैसे, किसी का बिछड़ जाना, नए स्थान पर जाना, तलाक या ब्रेकअप। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक अगर अकेलेपन का समय पर प्रबंधन न किया जाए तो यह डिप्रेशन का कारण बन सकती है। शोध बताते हैं कि अकेलेपन को अवसाद का प्रमुख कारण माना जाता है। अपनी स्थितियों का समय पर पहचान और उसे ठीक करने का प्रयास करना बहुत आवश्यक है।

### अकेलेपन का मानसिक स्वास्थ्य पर असर

मनोरोग विशेषज्ञों के मुताबिक लंबे समय से अकेलापन महसूस करना आपके मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। कुछ शोध बताते हैं कि अकेलापन अवसाद, चिंता विकार, आत्मसम्मान में कमी का एहसास, नींद की समस्या और तनाव का कारण बन सकती है। अवसाद की स्थिति को गंभीर माना जाता है, जिसमें व्यक्ति को आत्महत्या के विचार आ सकते हैं, ऐसे में इसका सही प्रबंधन बहुत आवश्यक हो जाता है।

### अकेलेपन का शारीरिक स्वास्थ्य पर असर

यदि आपको निरंतर अकेलेपन की भावनाओं का अनुभव होता है, तो इसका आपके शारीरिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर देखा जा सकता है। यह वजन बढ़ने, नींद की कमी, हृदय स्वास्थ्य में गड़बड़ी, प्रतिरक्षा प्रणाली की कमजोरी जैसी समस्याओं को जन्म दे सकता है। डायबेटोलोजिया जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने पाया कि अकेले रहने या लोगों से कम मतलब रखने वाले लोगों में टाइप-2 मधमेह के विकसित होने का खतरा अधिक हो सकता है। इनमें से कुछ स्थितियों को अनुपचारित छोड़ देना जानलेवा भी हो सकती है।

# आलिशान जिंदगी जीने के साथ ही करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं वरुण



वरुण धवन बॉलीवुड के पॉपुलर एक्टरों में से एक हैं। वह अपने लुक्स और स्टाइल के लिए जाने जाते हैं। करण जौहर की 2010 में आई फिल्म 'माई नेम इज खान' से बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर अपने करियर की शुरुआत करने वाले वरुण ने 2012 में बॉलीवुड में डेब्यू किया। 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' के बाद वरुण ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह अपने करियर में लगभग 30 फिल्मों में काम कर चुके हैं। वरुण का जन्म 24 अप्रैल 1987 को मुंबई में मशहूर डायरेक्टर डेविड धवन के घर हुआ था। ऐसे में उनके जन्मदिन के मौके पर हम आपको उनके करियर के साथ ही उनकी नेटवर्थ के बारे में भी बताने जा रहे हैं।

### हर साल हो रही कमाई में वृद्धि

वरुण धवन के पास 411 करोड़ की संपत्ति है और सालाना वह 20 करोड़ से ज्यादा की कमाई करते हैं। वरुण की इनकम में हर साल 5 से 6 प्रतिशत वृद्धि हो रही है। उनकी सबसे ज्यादा कमाई फिल्मों से होती है। वहीं, इसके अलावा वह कई टीवी विज्ञापन और कई ब्रांड के प्रमोशन से भी बढ़िया कमाई कर लेते हैं। वरुण एक फिल्म साइन करने के लिए 5 से 10 करोड़ रुपये लेते हैं। इसके साथ ही वह विज्ञापनों के माध्यम से 10 लाख रुपये की हर महीने कमाई करते हैं।

### जुहू में खरीदा घर

वरुण धवन ने अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड नताशा से जनवरी 2020 में शादी की थी और अब दोनों जुहू में 30 करोड़ की लागत से खरीदे गए 4 बीएचके अर्पाटमेंट में रहते हैं। शादी से पहले वह जुहू में ही अपने माता-पिता के साथ रहा करते थे।

### कारों से है प्यार

वरुण को कारों से बहुत प्यार है और उनके पास लग्जरी कारों का बहुत बढ़िया कलेक्शन भी है। उनके पास 88 लाख की मर्सिडीज बेंज 350D, मर्सिडीज बेंज E220D और 85 लाख की ऑडी Q7 है। वहीं, एक रॉयल एनफील्ड बुलेट भी है, जिसकी कीमत 3.7 लाख रुपये हैं। वरुण ने अपने 10 साल के करियर ने बहुत सी उपलब्धि हासिल कर ली है। वहीं, वरुण के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह कृति सेनन के साथ 'भेड़िया' में नजर आने वाले हैं और 'जुग जुग जियो' में वह कियारा आडवाणी के साथ दिखाई देंगे।

## टाइगर श्रॉफ की फिल्म 'हीरोपंती 2' को नया ट्रेलर हुआ लॉन्च, शानदार एक्शन करते नजर आए एक्टर

टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म 'हीरोपंती 2' का नया ट्रेलर रिलीज हो चुका है। टाइगर ने अपने सोशल मीडिया पर ट्रेलर शेयर कर इस बात की जानकारी दी है। एक्टर ने ट्रेलर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, असली हीरोपंती लोगों का दिल जीतने में है, आ गया है बबलू आप लोगों का दिल जीतने। ट्रेलर टाउगर शानदार स्टंट करते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही फिल्म के कुछ दिलचस्प डायलॉग भी दिखाए गए हैं, जिससे की फिल्म 'हीरोपंती 2' को लेकर लोगों में और एक्साइटमेंट बढ़ गई है। नवाजुद्दीन सिद्दकी ने भी ट्रेलर में ऑडियंस ध्यान खींचने की कोशिश की है। अहमद खान के निर्देशन में बनी फिल्म 29 अप्रैल 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026,
8962815243



























## खास खबर

### राज्यपाल सुश्री उइके से जैनाचार्य संजय मुनी ने भेंट की

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में प्रख्यात जैनाचार्य संजय मुनी ने भेंट की। इस अवसर पर संजय मुनी ने राज्यपाल से गौसेवा, देश के गरीब-जरूरतमंदों की सेवा, आदिवासी अंचल और गांवों के विकास के संबंध में चर्चा की तथा राज्य के उत्तरोत्तर प्रगति व खुशहाली की कामना की। राज्यपाल सुश्री उइके ने जैनाचार्य को राज्य के विकास कार्यों से अवगत कराया तथा प्रदेश व देश के विभिन्न समसामयिक विषयों पर भी विचार साझा किए। जैनाचार्य संजय मुनी ने भगवान महावीर के 'जियो और जीने दो' के संदेश को दोहराते हुए कहा कि प्राणी मात्र का कल्याण ही हम सभी का सर्वोच्च लक्ष्य होना चाहिए। राज्यपाल सुश्री उइके ने इस अवसर पर जैनाचार्य संजयमुनी को सम्मानस्वरूप स्मृति चिन्ह एवं श्रीफल प्रदान किया।

### एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश के साथ अंधड़ चलने की संभावना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में रविवार को भी एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश के साथ अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि प्रदेश में शनिवार को एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा हुई, वहीं प्रदेश के सभी संभागों के अधिकतम तापमान में वृद्धि हुई है। सर्वाधिक अधिकतम तापमान 41.6 डिग्री रायगढ़ में दर्ज किया गया है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा उत्तर पूर्व मध्य प्रदेश और उससे लगे छत्तीसगढ़ के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश के उत्तरी क्षेत्र में उत्तर से हवा तथा दक्षिणी क्षेत्र में दक्षिण से हवा आ रही है।

### राकेश वरदा प्रथम तो राजेश कोर्राम द्वितीय स्थान पर रहे

# हैंड स्टैण्ड मलखम्ब प्रतियोगिता में नारायणपुर के मास्टरों ने मारी बाजी

#### कलेक्टर रघुवंशी ने दोनों मलखम्ब मास्टरों को दी बधाई

श्रीकंचनपथ न्यूज




**नारायणपुर।** राष्ट्रीय स्तर पर मुंबई के गोरेगांव में आयोजित मलखम्ब के हैंड स्टैंड प्रतिस्पर्धा में नारायणपुर के राकेश वरदा ने प्रथम और राजेश कोर्राम ने द्वितीय स्थान हासिल कर प्रदेश का नाम रौशन करने वाले दोनो मलखम्ब खिलाड़ी आज कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर श्री ऋतुराज रघुवंशी से मुलाकात की। कलेक्टर श्री रघुवंशी ने इन खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान कलेक्टर ने इन मलखम्ब खिलाड़ियों से प्रतियोगिता के लिए की गयी तैयारियां, अन्य राज्यों से मलखम्ब खिलाड़ियों के साथ अपने प्रदर्शन और अन्य खेल कौशल के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने खिलाड़ियों से कहा कि वे इस खेल प्रतिस्पर्धा में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रतिबद्धता से प्रयास करें और राष्ट्र स्तर की प्रतिस्पर्धाओं में इसी तरह जिला और प्रदेश का नाम रौशन करें। उन्होंने आगे कहा कि अबूझमाड़ के बच्चों में हुनर की कमी नही है, निश्चित तौर पर बच्चों की मेहनत का परिणाम है कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान नारायणपुर का है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री अभिषेक गुप्ता, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री संजय चंदेल, मलखंब प्रशिक्षक श्री मनोज प्रसाद, श्री डिकेश साहू के अलावा अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि अबूझमाड़ के मलखम्ब मास्टर राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए अब तक 40 से भी अधिक मैडल जीतकर प्रदेश का नाम रौशन किया है। नारायणपुर जिले के मलखम्ब खिलाड़ी अब छत्तीसगढ़ के बाहर अन्य राज्यों में भी अपनी अलग पहचान बना रहे है। जब मुंबई गोरेगांव में आयोजित होने वाली हैंड स्टैण्ड मलखम्ब प्रतियोगिता में भाग लेने नारायणपुर जिले के राकेश वड्दा और राजेश कोर्राम का चयन हुआ था तब इन चयनित खिलाड़ियों की हौसला अफ्जाई करने कलेक्टर श्री ऋतुराज रघुवंशी ने इन मलखम्ब खिलाड़ियों को किट बैग, जूता सौंपा था और इस इन खिलाड़ियों के मुंबई जाने एवं आने का खर्च प्रदान की थी। खिलाड़ियों ने भी पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ प्रयास करने और मैडल जीतकर जिले का नाम रौशन करने की बात कही थी। मलखम्ब प्रशिक्षक मनोज प्रसाद और दोनों बच्चों के मेहनत का परिणाम है कि दोनों मलखम्ब मास्टरों ने जीत दर्ज की है।

# धमधा की पहचान देश में उद्यानिकी फसलों से, मंडी के आरंभ हो जाने से अब किसानों के लिए बढ़ेंगे आर्थिक अवसर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज धमधा में 55 करोड़ रुपये की लागत से धमधा ब्लॉक में विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन एवं सामग्री वितरण किया। इस मौके पर उन्होंने 11 करोड़ रुपये की लागत से बने सब्जी एवं फल मंडी का लोकार्पण किया। साथ ही 1 करोड़ 75 लाख रुपये की लागत से बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी भवन का लोकार्पण भी किया। साथ ही जलसंसाधन विभाग की 18 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण तथा पीएचई विभाग की 15 करोड़ रुपये की योजनाओं का भूमिपूजन भी किया।**



किसानों के साथ किया लंच, उद्यानिकी फसलों की बेहतरी के लिए किए जाने वाले उपायों पर की बातचीत

उन्होंने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि धमधा की पहचान छह आगर, छह कोरी तालाब की है। इसकी ऐतिहासिक पहचान हमेशा से रही है। अब इसकी पहचान टमाटर के उत्पादन और उद्यानिकी फसलों से भी बनी है। धमधा के किसानों ने देश और देश के बाहर बांग्लादेश और पाकिस्तान में भी सप्लाई की है। किसानों की यह उपलब्धि शानदार रही है। इसके पीछे कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे की मेहनत भी है। उन्होंने मंडी की जो योजना बनाई, उसे हमने स्वीकृत किया। उन्होंने बहुत शीघ्रता से और अच्छे से इसे मूर्त रूप दिया है।

इस मंडी के बन जाने से किसानों को फसल को उचित मूल्य मिल सकेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने धमधा के स्वास्थ्य केंद्र को 50 बिस्तर तक अपडेट करने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने पीएससी, सेना भर्ती एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में की कोचिंग भी धमधा में आरंभ करने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने एक करोड़ की लागत से स्टेडियम की घोषणा भी की। धमधा महाविद्यालय में ऑडिटोरियम के लिए मुख्यमंत्री ने घोषणा भी की। इसके साथ ही उन्होंने धमधा में तालाबों के सौंदर्यीकरण की घोषणा भी की। उन्होंने बंधुआ तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए एक करोड़ रुपए की राशि की घोषणा की। साथ ही उन्होंने इस मौके पर धमधा में सामुदायिक भवन के लिए 1 करोड़ रुपए की घोषणा भी की। अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि धमधा के विकास के लिए हर संभव कदम सरकार ने उठाए हैं। इसके साथ ही निरंतर विकास कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब धमधा की पहचान उद्यानिकी फसलों से है। उद्यानिकी फसलों के विकास के लिए मंडी बनाई गई है, इसके साथ ही किसानों को हर संभव मदद करने एवं नवाचार अपनाने के लिए की योजनाएं बनाई गई है। इस मौके पर अपने संबोधन में कृषि मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि धमधा के किसानों के लिए मंडी का आरंभ होना बहुत शुभ संकेत है, मंडी के आरंभ होने के पश्चात अब यहां के किसानों को देशभर का मार्केट मिल सकेगा। पहले भी हमारे किसान हैदराबाद से इलाहाबाद तक अपने उत्पाद पहुंचाते रहे हैं, अब मंडी के माध्यम से उन्हें उचित दाम मिल पाएगा। यह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार की बहुत अच्छी भेंट धमधा ब्लाक को है।

उन्होंने कहा कि मोती नाला तथा रौंदा जलाशय से सिंचाई की व्यवस्था और बेहतर हो सकेगी। इन 3 सालों में धमधा में सिंचाई का दायरा बढ़ाने के लिए बड़े कार्य किए गए हैं। 3 करोड़ रुपये के वितरण कार्य- इस मौके पर मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों को सामग्री वितरण भी किए। उन्होंने 50 किसानों को ट्रैक्टर वितरण किया। मत्स्य कृषकों को भी नाव, जाल, मत्स्य आहार आदि वितरित किए। इसके साथ ही उन्होंने समाज कल्याण विभाग के हितग्राहियों को भी बाइक प्रदान की। इस मौके पर जिला मंडी बोर्ड अध्यक्ष अश्विनी साहू ने भी अपना संबोधन दिया।

# जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित करता है टीकाकरण - डॉ.भगत

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** हर वर्ष अप्रैल के अंतिम सप्ताह 24 से 30 अप्रैल के दौरान विश्व टीकाकरण सप्ताह मनाया जाता है । टीकाकरण सप्ताह का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति का टीकाकरण करते हुए लोगों को जानलेवा बीमारियों से से सुरक्षित करना है।

इस बारे में राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. विश्वनाथ भगत कहते है: ''टीकाकरण से लाखों लोगों की जान बचती है। व्यापक रूप से दुनिया का सबसे सफलतम टीकाकरण कार्यक्रम है जो लोगों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस वर्ष विश्व टीकाकरण सप्ताह स्थ्ठ्द्द स्त्रद्धद्ध द्धश्ह-द्यद्य ''लॉग लाइफ फॉर ऑल'' मतलब ''सभी के लिए लंबा जीवन'' की थीम पर मनाया जाएगा । टीकाकरण रोगों के प्रति शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर विभिन्न संक्रामक रोगों से जीवन भर सुरक्षा प्रदान करता है।

जैसे डिप्थीरिया, खसरा, काली खांसी, पोलियो, टिटनेस और वर्तमान में कोविड-19 भी शामिल हैं। विश्व में सक्रिय टीकाकरण लगभग हर साल असमय होने वाली मौतों को रोकता है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व टीकाकरण सप्ताह क्क दौरान टीकाकरण के प्रति जन जागरूकता एवं लोगों को अपने और अपने बच्चों को टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा।''

#### देश में भी टीकाकरण की कई योजनाएं चलाई जा रही हैं

देश में टीकाकरण की कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनमें यूआईपी, गहन मिशन इंद्रधनुष और पल्स पोलियो अभियान प्रमुख हैं। जहां गहन मिशन इंद्रधनुष के तहत गर्भवती महिलाओं एवं दो वर्ष से कम उम्र के प्रत्येक बच्चों को जो यूआईपी के अंतर्गत नियमित टीकाकरण के दौरान किसी वजह से वंचित हो गये हों, उन्हें चिन्हित कर टीकाकरण किया जाता है। देश के साथ ही हमारे राज्य में भी - टीबी, काली खांसी, गलघोंटू, टिटनेस, पोलियो,डायरिया, खसरा, रूबेला, हेपेटाइटिस बी, मेनिन्जाइटिस, निमोनिया और अब कोविड-19 जैसे जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए टीका दिया जा रहा है।

#### कब से शुरू हुआ

विश्व स्वास्थ्य सभा ने मई 2012 की अपनी बैठक के दौरान विश्व टीकाकरण सप्ताह को मनाने का निर्णय लिया था। पहले, दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में टीकाकरण सप्ताह की गतिविधियां अलग-अलग तिथियों पर मनाई जाती थीं। 2012 में पहली बार एक साथ टीकाकरण सप्ताह मनाया गया, जिसमें दुनिया भर के 180 से अधिक देशों की भागीदारी रही थी।

# क्रिश्चियन कॉलेज ने मनाया वार्षिकोत्सव 'सिम्फोनिया-19'

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। 22 अप्रैल 2022 को, क्रिश्चियन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीसीईटी), कैलाशनगर, भिलाई में बड़े ही खुशी एवं हर्षोल्लास के साथ वार्षिकोत्सव 'सिम्फोनिया-2022' मनाया गया।**




वार्षिकोत्सव की शुरुआत मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद श्रीमती नेहा साहू, कार्यकारी उपाध्यक्ष - फादर जॉन कुरियन, प्रशासनिक समन्वयक - फादर फिलिप कुरुविला, प्राचार्य, सीसीईटी - डॉ दीपाली सोरेन और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। डॉ दीपाली सोरेन ने सभा का स्वागत किया और कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। सीसीईटी के कार्यकारी उपाध्यक्ष - फादर जॉन कुरियन ने समारोह की अध्यक्षता की और युवा टेक्नोक्रेट्स को न केवल अपने लिए बल्कि अपने कॉलेज के लिए यश लाने के लिए प्रेरित किया। डॉ शशांक शेखर बिशोई ने सिम्फोनिया-2022 में किए गए सभी आयोजनों और गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

श्रीमती नेहा साहू ने विभिन्न आयोजनों के विजेताओं को बधाई दी और छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के समारोह के आयोजन के लिए आयोजकों की प्रशंसा की।

सीसीईटी के छात्रों को गणमान्य व्यक्तियों द्वारा विभिन्न स्पर्धाओं में जैसे लोगो डिजाइनिंग, रंगोली बनाना, स्केचिंग, कार्ड मेकिंग, कोलाज मेकिंग, सिंगिंग, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, डांस और अन्य स्पर्धाओं में विजेताओं और उपविजेताओं को ट्राफियां, प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। तत्पश्चात नीरज ठाकुर (मेकेनिकल, 8 वा सेमेस्टर) को सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए पीटर थॉमस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पहले और दूसरे सेमेस्टर के ओवरऑल टॉपर के लिए डॉ आर एन दास एंडोमेंट कप आरती ज़ाल्क्सो (2019-20) और जैसलीन सहोटा (2020-21) को दिया गया। खेलों में ओवरऑल चैंपियन नमन पांडे (सीएसई, 8 वा सेमेस्टर) थे। सांस्कृतिक में ओवरऑल चैंपियन प्राची रामटेके (सीएसई, 8 वा सेमेस्टर) थीं। सर्वश्रेष्ठ विभाग का पुरस्कार कंप्यूटर विज्ञान विभाग को दिया गया। सीसीईटी के छात्रों ने पारंपरिक और आधुनिक गीतों और नृत्य कार्यक्रमों को शानदार ढंग से प्रस्तुत कर सभा में जोश और उत्साह भर दिया। सिम्फोनिया-2022 की सह-संयोजक श्रीमती प्रीति नंदकुमार ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया और ऋचा साहू ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# गत तीन वर्षों में वनांचल के 4855 छोटे-बड़े नालों में काफी तादाद में भू-जल संवर्धन संबंधी संरचनाओं का हो रहा निर्माण

श्रीकंचनपथ न्यूज





**रायपुर।** राज्य सरकार द्वारा सुराजी गांव योजना के तहत चलाए जा रहे महत्वपूर्ण ''नरवा विकास कार्यक्रम'' के अंतर्गत कैम्पा की वार्षिक कार्ययोजना 2019-20, 2020-21 तथा 2021-22 में विभिन्न वनमंडलों के 4 हजार 855 छोटे-बड़े नालों में काफी तादाद में भू-जल संवर्धन संबंधी संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है।

इसके तहत गत तीन वर्षों में प्रमुख रूप से 265 नग स्टॉप डेम, 61 नग एनीकट, 349 नग चेकडेम, 864 नग तालाब तथा डबरी, 1 हजार 488 नग परकोलेशन टैंक, 403 नग डाईक और 652 नग अर्दन डेम का निर्माण कार्य स्वीकृत है। कैम्पा मद से स्वीकृत इन भू-जल संवर्धन संबंधी संरचनाओं का निर्माण तीव्र गति से जारी है। इनमें से अब तक 135 नग स्टॉप डेम, 24 नग एनीकट, 129 नग चेकडेम, 292 नग तालाब तथा डबरी 517 नग परकोलेशन टैंक, 177 नग डाईक और 324 नग अर्दन डेम का निर्माण पूर्ण हो चुका है। इनके निर्माण से वनांचल के 20 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि उपचारित होगी।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की विशेष पहल और वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में राज्य के वन क्षेत्रों में भू-जल संरक्षण तथा संवर्धन के लिए बड़े तादाद में जल स्रोतों, नदी-नालों और तालाबों को पुनर्जीवित करने का कार्य लिया गया है।

इसके लिए वन मंत्री श्री अकबर ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य प्रतिकरात्मक वनरोपण, निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (कैम्पा) मद से बनने वाली इन जल संग्रहण संरचनाओं से वनांचल में रहने वाले लोगों और वन्य प्राणियों के लिए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। साथ ही नाले में पानी का भराव रहने से आस-पास की भूमि में नमी बनी रहेगी। इससे खेती-किसानी में सुविधा के साथ-साथ आय के स्रोत और हरियाली में भी वृद्धि होगी।

इस संबंध में कैम्पा (छत्तीसगढ़ प्रतिकरात्मक वनरोपण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण) के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री व्ही. श्रीनिवास राव ने बताया कि इनमें नरवा विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कैम्पा की वार्षिक कार्ययोजना 2019-20 में 160 करोड़ रूपए से अधिक की राशि की स्वीकृति दी गई है। इसमें 01 हजार 829 किलोमीटर लंबाई वाले 863 छोटे-बड़े नालों के 4.84 लाख हेक्टेयर जल ग्रहण क्षेत्र में 12 लाख 24 हजार भू-जल संवर्धन संबंधी संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इसी तरह नरवा विकास योजना के तहत कैम्पा की वार्षिक कार्ययोजना 2020-21 के पार्ट-1 तथा पार्ट-2 में 388 करोड़ रूपए से अधिक की राशि की स्वीकृति दी गई है।

YOGESH COMPUTER
Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road
Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

CAR DECOR
House Of Exclusive
Seat Cover,
Car Stereos Matting &
Sun Control Film &
Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower.
Opp. Indian Coffee House,
Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

GREEN COMPUTER
Sales, Services, Repairs
Laptop Repairing
Printer
Desktop
7/2, Dakshin Gangotri,
Supela, Bhilai
0788-4083385

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7
Dakshin gangotri, Supela, Bhilai
Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

मथुरावासी
चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles,
CPVC Pipes &
Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

SAIRAM
Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI,
Oppo, Vivo, Nokia, HTC,
Blue tooth Charger,
Power Bank, Ear Phone,
BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES
FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden)
Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट,
फ्राक, फैंसी सलवार सूट
एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स,
गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok
JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers,
Akash Ganga,
Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### रायपुर में शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर चाकू से हमला, नाबालिग समेत दो गिरफ्तार

**रायपुर ( ए )।** राजधानी रायपुर में शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर एक युवक और एक नाबालिग ने मिलकर एक अन्य युवक पर चाकू से हमला कर दिया। मामले की शिकायत होते ही पुलिस ने एक नाबालिग सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार राजधानी रायपुर के पंडरी थाने में देवेंद्र कुमार साहू ने चाकूबाजी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। देवेंद्र 19 अप्रैल की शाम अपने जीजा नरेश कुमार साहू के घर दलदल सिवनी जा रहा था। दलदल सिवनी ओम शांति स्कूल के पास दो बदमाश शराब पीने के लिए 500 रुपये की मांग करने लगे। पैसे देने से मना करने पर गाली-गलौज शुरू कर दी। बदमाशों ने जान से मारने की धमकी देकर अपने पास रखे चाकू से हमला कर दिया, जिससे घुटने के ऊपर और हाथ में चोट आई। चाकूबाजी करने के बाद आरोपित फरार हो गए। देवेंद्र ने थाने में जाकर रिपोर्ट दर्ज करवाई, जिस पर पुलिस ने घटना में संलिप्त आरोपित जयदास मानिकपुरी उर्फ मशान और नाबालिग को गिरफ्तार किया।

### ऑनलाइन एप से लोन लेने के बाद महिला से गाली-गलौज, बदनाम करने की धमकी

**रायपुर ( ए )।** राजधानी में एक महिला को आनलाइन एप के जरिए लोन लेना महंगा पड़ रहा है। लोन की राशि पटाने के बाद भी अश्लील मैसेज और फोन किए जा रहे हैं। डीडी नगर थाना पुलिस ने अज्ञात फोन धारकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डीडी नगर न्यू चंगोराभाठा निवासी महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। उसने 15 अप्रैल को आनलाइन लोन एप के जरिए 2,275 रुपये लोन लिया था। 22 अप्रैल तक 3,500 रुपये जमा करने थे। एक दिन पहले से महिला नंबर में अलग-अलग नंबर से फोन और मैसेज आने लगे। महिला को धमकी दी जा रही थी। परिवार वालों के पास अश्लील मैसेज भेजे जा रहे थे। इसके बाद महिला ने थाने में रिपोर्ट लिखाई।

### पत्नी की हत्या कर झूठी कहानी गढ़ने वाले पति को आजीवन कारावास

**रायपुर ( ए )।** राजधानी रायपुर में पत्नी की हत्या करने के बाद उससे बचने के लिए झूठी कहानी गढ़ने वाले आरोपी पति को कोर्ट ने आजीवन कारावास और दो हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। साथ ही एक अन्य प्रकरण में तीन वर्ष कारावास और एक हजार रुपये जुर्माने की सजा है। न्यायालय द्वारा सुनाई गई दोनों सजाएं एक साथ चलेंगी। एकादश अपर सत्र न्यायाधीश यशवंत वासनीकर ने यह सजा सुनाई।

जानकारी के अनुसार जुनवानी निवासी आरोपी कृष्ण कुमार साहू (23वर्ष) के विरुद्ध अभनपुर थाने में धारा 302 एवं 201, 302 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। आरोपित द्वारा 31 अक्टूबर 2019 को अपनी पत्नी तर्पणा साहू की गला दबाकर हत्या की गई थी। उसने उस अपराध से बचने के लिए अज्ञात व्यक्ति द्वारा मारपीट कर बेहोश किए जाने की झूठी जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस जांच के दौरान ये बातें झूठी पाई गई।


### पुराने विवाद पर चाकू से हमला करने वाले दो गिरफ्तार

**रायपुर ( ए )।** राजधानी रायपुर में पुराने विवाद को लेकर युवक पर चाकू से हमला करने के मामले में दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ललित यादव उर्फ लल्ला और वैभव चौधरी उर्फ काला को आर्म्स एक्ट और मारपीट की धारा के तहत गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की। मौदहापारा थाने में शंकर खत्री ने चाकूबाजी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। गुरुवार रात लगभग नौ बजे वह निजी एंबुलेंस के पंजीकरण की जानकारी लेने के लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर अस्पताल आया था। अस्पताल के गेट के पास परिचित से बातचीत कर रहा था। इसी दौरान लल्ला उर्फ ललित यादव अपने दो साथियों के साथ आया और पुरानी बातों को लेकर गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर अपने पास रखे चाकू और बीयर की टूटी बोतल से वार कर दिया, जिससे शंकर मौके पर ही लहुलुहान हो गया। उसने थाने में जाकर रिपोर्ट दर्ज करवाई, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की।

एनएच-30 पर तेज रफ्तार ट्रक ने कार को उड़ाया

# कोंडागांव से जगदलपुर जा रहे थे दो युवक, दोनों की मौके पर ही मौत

**कोंडागांव (ए)।** छत्तीसगढ़ में रायपुर-जगदलपुर नेशनल हाईवे 30 पर शनिवार की रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ है। तेज रफ्तार ट्रक ने कार को जबरदस्त टक्कर मारी दी। हादसे में कार सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई है। ट्रक चालक घायल है। मृतकों में एक कोडागांव का तो वहीं दूसरा युवक कोरबा का रहने वाला था। हादसा कोंडागांव सिटी कोतवाली क्षेत्र में हुआ है।



कोंडागांव का अमित कुमेटी (26) कोरबा के बादल तिर्की (30) के साथ कोडागांव से अपने निजी काम से जगदलपुर की तरफ आ रहा था। इस बीच जगदलपुर से कोडागांव की तरफ जा रही एक ट्रक के साथ कार की आमने-सामने से टक्कर हो गई। हादसा जोबा गांव के पास हुआ है। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार के पूरी तरह से परख्च्चे उड़ गए। हादसे के बाद इस नेशनल हाईवे से गुजर रहे लोगों ने इसकी जानकारी कोंडागांव पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि कोरबा का रहने वाला युवक पिछले कुछ समय से कोंडागांव में ही रहकर अपना व्यापार कर रहा था। इधर, पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है।

### 13 दिन पहले इसी जगह हुआ था हादसा

महज 13 दिन पहले जोबा गांव के पास में ही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई थी। इस हादसे में वाहन चालक लोकेश पिल्ले की मौत हुई थी। युवक कोडागांव जिले के केशकाल का रहने वाला था। जबकि कार में सवार पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल थे।

सूना मकान मिला तो चोरी कर ली

# घर के लोग गए थे पार्टी में, इधर युवक ने उड़ा दिए 6.5 लाख कैश और चांदी का प्लेट, गिरफ्तार

**दुर्ग (ए)।** पद्मनाभपुर पुलिस ने सूने मकान में साढ़े 6.5 लाख रुपए नगद व चांदी की प्लेट चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी के साथ एक सहयोगी महिला को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास दो लाख 5 हजार रुपए नगद व चांदी की प्लेट जब्त की गई है। दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।



सीएसपी दुर्ग जितेंद्र यादव ने बताया कि कसारीडीह दुर्ग निवासी अखिलेश मिश्रा के सूने मकान में 14 अप्रैल की देर रात चोरी हुई थी। उस दिन उनके घर में पोते का मुंडन संस्कार कार्यक्रम था। रात में वृन्दावन रेस्टोरेंट शिवनाथ नदी के पास पार्टी आयोजित की गई थी। इसके चलते घर के सभी लोग वहां चले गए थे। इधर सूने मकान का फायदा उठाकर आरोपी ने मकान का ताला तोड़ा और मकान में बने ऑफिस में घुसकर वहां रखे 6 लाख 50 हजार रुपए नगद और पूजा घर से चांदी की एक प्लेट चोरी कर ले गया। पार्टी के बाद देर रात जब अखिलेश मिश्रा घर पहुंचे तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। इसके बाद उन्होंने पद्नाभपुर चौकी में चोरी के मामले की शिकायत दर्ज कराई।

इस मामले का पता लगाने के लिए पुलिस की एक अलग से टीम गठित की गई थी। जब मामले की छानबीन की गई तो सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि दीपक उर्फ विक्की भारती (25 साल) निवासी पकेलाबाड़ी चौकी पद्मनाभपुर को घटना की रात संदिग्ध हालत में घूम रहा है। पुलिस ने शंका के आधार पर उसे हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने चोरी की घटना को करना स्वीकार किया।

### महिला के घर में छुपाकर रखे थे 65 हजार रुपए

विक्की भारती ने बताया कि उसने चोरी के रकम में से 65 हजार रुपए अपनी पहचान की लता भारती को छुपाकर रखने के लिए दिए थे। पुलिस ने विक्की की निशानदेही पर रुपए लता के घर से जब्त किया। इसके बाद लता को भी हिरासत में लेकर विक्की के साथ न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में 'प्यार' की जीत

# युवती बोली-मैंने अपनी मर्जी से किया धर्म परिवर्तन कोर्ट ने पति के साथ भेजने के दिए आदेश

**बिलासपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने धर्म परिवर्तन कर शादी रचाने वाली युवती को सुरक्षा के साथ उसके पति के पास भेजने का आदेश दिया है। दरअसल, दो बच्चों के पिता से विवाद होने पर उसकी पत्नी साथ छोड़कर चली गई। इधर, पत्नी के साथ छोड़ने पर मुस्लिम युवक ने एक दूसरी हिंदू लड़की से निकाह कर लिया था। लड़की ने कोर्ट में बयान दिया कि उसने बिना किसी दबाव के अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन किया था। मुस्लिम लड़के से निकाह के बाद लड़की के पिता ने थाने में शिकायत कर दी थी। विवाद बढ़ने पर पुलिस ने लड़की को नारी निकेतन भेज दिया था। इससे परेशान होकर पति ने हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर कर दी थी। मामले की सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस अरुप कुमार गोस्वामी व जस्टिस गौतम चौरड़िया की डिवीजन बेंच ने यह आदेश दिया है।

महासमुंद के बसना निवासी मोहम्मद इरफान (28 साल) ने अधिवक्ता पुनीत रूपारेल के माध्यम से हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की थी। इसमें बताया कि हिंदू लड़की ने खुद की सहमति पर उससे 2021 में धर्म परिवर्तन करा मुस्लिम जमात में मुस्लिम धर्म की रीति रिवाज से निकाह किया। इसकी जानकारी होने के बाद लड़की के पिता ने थाने में शिकायत कर दी। इसे सांप्रदायिक रूप देकर विवाद बढ़ा दिया था। याचिका में याचिकाकर्ता ने अपनी पत्नी को वापस दिलाने की मांग की थी।



इस मामले की सुनवाई के दौरान तथ्य आया कि याचिकाकर्ता इरफान की पहले से ही एक पत्नी और दो बच्चे हैं जो अलग रह रहे हैं। पत्नी के अलग होने पर उसका एक हिंदू लड़की से प्रेम प्रसंग हो गया और उसने शादी कर ली। इस पर लड़की के पिता ने बसना थाने में शिकायत दर्ज करा दिया। याचिका में यह सवाल उठा कि पहली पत्नी के सहमति बिना कोई दूसरा विवाह नहीं कर सकता।

याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि मुस्लिम लॉ के मुताबिक दूसरा विवाह बिना सहमति के जायज है। इस सवाल के बदले जवाब में कहा गया कि यदि पति या पत्नी सरकारी नौकरी में हो तो सहमति लेना ही पड़ता है। वहीं पहली पत्नी ने कहा कि इरफान उसे भरणपोषण नहीं दे रहा। इस मामले में उठे सवाल पर हाईकोर्ट ने पूछा कि महिला को भरणपोषण मिल रहा है या नहीं ? तब बताया गया है कि वह अपनी पत्नी को भरण पोषण दे रहा है। सभी पक्षों का जवाब आने और बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने अपने फैसले को सुरक्षित रख लिया था।

### युवती बोली-मैंने अपनी मर्जी से किया किया धर्म परिवर्तन

इस मामले की सुनवाई के दौरान डिवीजन बेंच ने युवती का पक्ष सुना, तब वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए वह कोर्ट में उपस्थित हुई। नारी निकेतन में रहने वाली युवती ने कोर्ट से कहा कि उसने बिना किसी दबाव के अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन कर शादी की है। अब वह अपने पति के साथ ही रहना चाहती है। इसके बाद कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है।

# युवक को मारकर जला दिया तालाब में मिली अधजली लाश



**कवर्धा ( ए )।** कवर्धा जिले में एक युवक की लाश अधजली हालत में मिली है। आशंका जताई जा रही है कि उसकी हत्या की गई है। इसके बाद उसके शव को जलाया गया है। कि युवक शुक्रवार से लापता था। इसके बाद अगले दिन शनिवार सुबह उसकी लाश मिली है। फिलहाल मामले में जांच जारी है। ममला कोतवाली थाना क्षेत्र का है।

शनिवार सुबह भोजली तालाब के सूखे एरिया पर लोगों ने एक शव देखा था, जो जला हुआ था। शव देखने के बाद ही पुलिस को सूचना दी गई थी। सूचना मिलती ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव के बारे में पता लगाना शुरू किया गया। जिसमें शव की पहचान रोहित सिन्हा (30) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार वह शहर रामनगर इलाके का रहने वाला था। वह शहर में ही कृषि केंद्र के नाम से दुकान चलाता था।

### पहले गला घोंटा फिर जलाया

पुलिस ने शव पहचान करने के बाद इसकी जानकारी उसके परिजनों को दी थी। खबर लगते ही परिजन भी मौके पर पहुंचे और फूट-फूटकर रोने लगे। पुलिस का कहना है कि युवक का शव आधा जला चुका था। जिस तरह से उसका शव मिला है। उससे 90 प्रतिशत आशंका है उसकी हत्या की गई है। फिलहाल शव को पीएम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आन के बाद कुछ पता चल सकेगा। वहीं पुलिस को रोहित के गले से एक गमछा बंधा हुआ मिला है। इसके चलते पुलिस ने शंका जाहिर की है कि पहले उसके गला घोंटा गया है। इसके बाद उसे जलाया गया है। शव से जबान भी बाहर आ गई थी।

इधर, पुलिस उसके परिजनों से भी पूछताछ कर रही है। परिजनों का कहना है कि रोहित शुक्रवार को घर से निकला था। मगर फिर वापस ही नहीं लौटा। शाम के वक्त भी हमने उसकी तलाश की थी, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली थी। पुलिस अब मामले की जांच में जुटी है। इस मामले को लेकर एसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह ने कहा है कि जिस तरह से शव मिला है। उससे मामला हत्या का लग रहा है।

# रेस्टोरेंट की फ्रेंचाइजी देने का झांसा देकर पांच लाख की ठगी फर्जी कालिंग साइट में फंसा

**रायपुर।** राजधानी में रेस्टोरेंट की फ्रेंचाइजी देने का झांसा देकर पांच लाख रुपये की ठगी हुई है। फोन-पे और नेट बैंकिंग के माध्यम से पैसे भेजे गए। राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने संदीप कश्यप नाम के ठग के खिलाफमामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




पीड़ित अंकित कोचर अपनी पत्नी के लिए रेस्टोरेंट की फ्रेंचाइजी लेना चाहता था। पुलिस के मुताबिक अंकित ने गूगल से एक फ्रेंचाइजी के माध्यम से एक आनलाइन फार्म भरा। इसके बाद अंकित के नंबर में फोन आया कि रजिस्ट्रेशन के लिए 29 हजार 500 रुपये की मांग की गई। जिस पर गूगल पे के जरिए पैसे ट्रांसफर कर दिए गए।

इसके बाद एनओसी, एप्रूवल सहित अन्य के नाम से कुल पांच लाख रुपये ले लिए। जब और पैसे की मांग की जाने लगी तो अंकित को शक हुआ। इसके बाद रेस्टोरेंट के मुख्यालय में अंकित ने फोन कर जानकारी मांगी। मुख्यालय से अंकित को बताया गया कि किसी भी तरह की फ्रेंचाइजी नहीं दी जाती है। अंकित को बताया गया कि अगर ऐसा किसी ने किया है तो ठगी के शिकार हो गए हैं।

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875 99938-08453 75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी बियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राईक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

मिस एंड मिसेस लेडिस वेयर
• गाऊन • ब्रा. पेन्टी • नाईटी • ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### सुपोषण अभियान में बेहतर कार्य, सीएम के हाथों पार्षद सेन व बघेल सम्मानित

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को दुर्ग आगमन पर शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पार्षदों व समाजसेवियों का सम्मान किया। पचरीपारा वार्ड क्रमांक-28 के भाजपा पार्षद ओमप्रकाश सेन(राकेश) और पोलसायपारा वार्ड क्रमांक-27 के कांग्रेस पार्षद मनीष बघेल को मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान में बेहतर कार्य करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। दोनो पार्षदों ने अपने वार्ड में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान को लेकर जन जागरुकता फैलाई और सुपोषण अभियान के लक्ष्य को प्राप्त करने अपने कार्यकुशलता का परिचय दिया। मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान में बेहतर कार्य के लिए पार्षद सेन व बघेल का नाम महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नामांकित किया गया। मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान मिलने पर दोनो पार्षदों को बधाईयों का तांता लगा हुआ है।

### योग पर पोस्टर प्रदर्शनी एवं परिचर्चा

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब के अंतर्गत ''योग'' से संबंधित पोस्टर प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने किया। उन्होनें कहा कि इन पोस्टर के माध्यम से छात्राओं को योग का महत्व और भी सशक्त स्वरूप में समझ आयेगा। इस अवसर पर रखी गई परिचर्चा में उन्होनें युवा पीढ़ी और उनकी जीवन शैली में योग और ध्यान की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रभारी प्राध्यापक डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया कि इन पोस्टर में सूर्य नमस्कार के विभिन्न आसन एवं उनके मंत्रों को प्रदर्शित किया गया है। साथ ही योग के अभ्यास से विभिन्न रोगों एवं समस्याओं जैसे डायबिटिज, हृदय रोग, ब्रेस्ट कैंसर, क्रोध पर नियंत्रण, मयूरासन, वज्रासन आदि के लाभ दर्शित किये गये है। प्राध्यापक डॉ. आरती गुप्ता ने कहा कि वे स्वयं योग के माध्यम से ही गंभीर अस्थि रोग से स्वस्थ हुई है। कु. मधु पाण्डेय ने युवा पीढ़ी में व्याप्त असुरक्षा, हीन भावना, प्रतिस्पर्धा से निजात पाने के लिये 'ध्यान' करने की सलाह दी है। छात्रायें शारदा, दीपा, काजल ने भरतनाट्यम और योग की समानता को दिखाते हुये मुद्रायें प्रदर्शित की।

#### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भिलाई-3 में नवीन तहसील कार्यालय का किया शुभारंभ

# भिलाई-3, कुम्हारी और जामुल को मिलाकर बनेगा नया अनुविभाग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई-3।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज भिलाई-3 में तहसील कार्यालय व उप तहसील कार्यालय का शुभारंभ किया। लोकार्पण के दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यालय का भ्रमण कर व्यवस्था का जायज़ा भी लिया। गौरतलब है कि भिलाई-3 को मिलाकर अब दुर्ग जिले में 6 तहसील हो चुके हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री बघेल ने पीएचई मंत्री गुरु रुद्र कुमार के आग्रह पर भिलाई-3, कुम्हारी और जामुल को मिलाकर नया अनुविभाग बनाने की घोषणा की।




अनुविभागीय अधिकारी का कार्यालय भिलाई-3 में ही स्थापित किया जाएगा। साथ ही भिलाई-3 में उप रजिस्ट्रार कार्यालय खोलने की भी घोषणा की। भिलाई-3 में निर्मित तहसील कार्यालय व उप तहसील कार्यालय में बाउंड्री वॉल भी कराए जाने की घोषणा की गई। भिलाई में बनने वाले स्टेडियम परिसर में जैतखाम और मंदिर के लिए स्थान सुरक्षित रखने के लिए भी मुख्यमंत्री ने कहा।

अहिवारा क्षेत्र में नल जल योजना की माँग पर मुख्यमंत्री ने सर्वे कराने के बाद नल जल योजना प्रारंभ करने को कहा। भिलाई-3 में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने, नवीन निगम कार्यालय और डबरापारा से कुम्हारी तक केनाल की माँग पर तकनीकी परीक्षण कराकर निर्णय की बात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कही। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को भी बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने की पहल की है। राज्यभर में वर्तमान में 172 सरकारी अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। इन स्कूलों में एक कक्षा में अब 40 से बढ़ाकर 50 बच्चों को प्रवेश देने का निर्णय लिया है।

नवीन तहसील कार्यालय व उप तहसील कार्यालय का शुभारंभ करने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि, भिलाई-3 तहसील कार्यालय और उप तहसील कार्यालय खुलने से जितनी खुशी यहाँ आप लोगों को हो रही है, उतनी खुशी मुझे भी हो रही है क्योंकि मैं खुद यहाँ का निवासी हूँ और यहाँ का किसान हूँ। यहाँ तहसील कार्यालय की माँग बहुत पुरानी थी और यह क्षेत्र की जनता की आवश्यकता भी थी। तहसील कार्यालय की सौगात मिलने पर मुख्यमंत्री ने क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। साथ ही अक्षय तृतीया की बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

उन्होंने कहा कि, हमने अब तक 85 तहसीलों की घोषणा कर दी है, जिसमें 52 तहसील प्रभावशील हो चुके हैं। किसी भी राज्य सरकार द्वारा इतने कम समय में इतनी संख्या में तहसील का गठन नहीं किया गया है। हमारी सरकार ने तीन साल के भीतर ही अब तक 6 जिलों का भी गठन कर दिया है। जिसमें एक ज़िला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में कामकाज शुरू हो चुका है। शेष पाँच जिलों की शुरुआत जल्द ही होगी।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि, जितनी ज़्यादा प्रशासनिक इकाई नजदीक होगी, जनता को उतनी ज्यादा सुविधाएँ मिलेंगी। तहसील कार्यालय खुलने से जहां ज़मीन संबंधी प्रकरणों की सुनवाई होती है। वहीं जाति प्रमाण-पत्र, निवास प्रणाम-पत्र समेत अनेक तरह के काम में क्षेत्रीय जनता को आसानी होगी। उन्होंने कहा कि जनता की सुलभ न्याय, सहज पहुँच और सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए ही राज्य सरकार प्रशासनिक इकाई को जनता के नजदीक ले जाने की कोशिश कर रही है।

इस अवसर पर उनके साथ मंत्री गुरु रुद्र कुमार, नगर निगम के महापौर निर्मल कोसरे, सभापति कृष्णा चंद्राकर, नगर पालिका के कुम्हारी के अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

### शहरी क्षेत्र में भी खुलेंगे गौठान

सभा के दौरान मंच के सामने मौजूद जनता में से एक व्यक्ति ने भिलाई-3 में गौठान की माँग की। इस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि निश्चित रूप से शहरों में भी गौठान होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने तत्काल भिलाई-3 और चरोदा में गौठान बनाने की घोषणा करते हुए मंच से ही कार्यक्रम में मौजूद कलेक्टर दुर्ग डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे को गौठान के लिए भूमि का चिन्हांकन कर निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौठान अब ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। नगरीय क्षेत्रों में भी गौठान खुल जाने से इसका लाभ शहरी निवासियों को भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में गौठान सब्जी मंडी और बाजारों के नजदीक बनाए जाएं, जिससे बाजार से निकलने वाली सब्जियां मवेशियों के चारे के काम आ सकती हैं।

## सेल-बीएसपी, मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर परियोजना हेतु बड़ी मात्रा में टीएमटी बार की आपूर्ति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र, भूकंप और क्षयरोधी गुणों के साथ उच्च शक्ति वाले टीएमटी बार्स का उत्पादन करता है जिसका उपयोग राष्ट्रीय महत्व की बड़ी परियोजनाओं सहित बांध, पुल, फ्लाईओवर, एक्सप्रेसवे, सुरंग आदि के निर्माण में प्रयोग होता है। सेल-बीएसपी, अब मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर परियोजना में उपयोग के लिए टीएमटी बार की आपूर्ति भी कर रहा है। हाल के दिनों में 32 टीएमटी बार्स के तीन रेक अहमदाबाद डिस्पैच किए गए हैं। भारत की पहली निर्माणाधीन हाई-स्पीड रेल लाइन परियोजना के लिए अब तक विभिन्न आयामों में 65,000 टन से अधिक टीएमटी बार्स की आपूर्ति की जा चुकी है।

508 किलोमीटर लंबी परियोजना महाराष्ट्र के मुंबई, ठाणे और पालघर से होते हुए गुजरात में वलसाड, नवसारी, सूरत, भरूच, वड़ोदरा, आनंद, खेड़ा और अहमदाबाद होकर गुजरेगा। इस पर चलने वाली बुलेट ट्रेन 508 किमी की दूरी को 320 किमी प्रति घंटा की अधिकतम परिचालन गति के साथ 2 घंटे 7 मिनट में तय करेगी। एमएएचएसआर परियोजना के निर्माण कार्य को नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, लार्सन एंड टुब्रो तथा आईएचआई इंफ्रास्ट्रक्चर सिस्टम्स कंसोर्टियम द्वारा निष्पादित किया जा रहा है जो 28 स्टील ट्रस ब्रिज निर्माण कर परिवहन करेगा। यह स्ट्रक्चर स्टील पुलों की भार वहन क्षमता को सपोर्ट करेगा। सेल-बीएसपी द्वारा 8 मिलीमीटर, 10 मिमी, 12 मिमी, 16 मिमी, 20 मिमी, 25 मिमी और 32 मिमी सहित विभिन्न आकारों के टीएमटी बार्स की आपूर्ति की गई है। इनमें से 25 एमएम और 32 एमएम की बार्स की रोलिंग प्लांट की मर्चेंट मिल में और शेष रोलिंग संयंत्र के मोडेक्स यूनिट, बार एंड रॉड मिल में किया गया है।

## शहर को एस्ट्रो टर्फ और 10 करोड़ की सौगात देने पर महापौर बाकलीवाल ने मुख्यमंत्री का किया आभार व्यक्त

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा दुर्ग शहर को एस्ट्रो टर्फ मैदान और विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत करने पर महापौर धीरज बाकलीवाल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने न सिर्फ2 सौ करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन कर शहर को विकास की सौगात दी, बल्कि कार्यक्रम में विधायक अरुण वोरा की मांग पर एस्ट्रो टर्फ मैदान और 10 करोड़ की राशि की सौगात भी दी। महापौर ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, जल संसाधन मंत्री रविंद्र चौबे, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिव डहरिया, विधायक अरुण वोरा के प्रति भी आभार माना है।



महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शहर में करीब 5 घंटे तक रहकर न सिर्फ विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया, बल्कि उनके द्वारा दुर्ग शहर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धता भी दोहराई गई। मुख्यमंत्री के नेतृत्व और विधायक अरुण वोरा के मार्गदर्शन में दुर्ग शहर विकास की नई ऊंचाईयों को स्पर्श कर रहा है। भविष्य में भी दुर्ग शहर विकास के नए आयाम गढ़ेगा। कामकाजी महिला हॉस्टल के लोकार्पण अवसर पर शुक्रवार को निगम के समस्त एमआईसी सदस्य एव पार्षदों से मुख्यमंत्री रूबरू हुए बारी-बारी चर्चा किये, चर्चा के कांग्रेस,भाजपा व निर्दलीय पार्षदों ने मानदेय व पार्षद निधि की राशि बढ़ाए जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।चर्चा के बाद पार्षदों ने अपने- अपने वार्डो के विकास कार्य की जानकारी के लिए मुख्यमंत्री को पत्र सौंपा। साथ ही सभी पार्षदों ने मुख्यमंत्री के कार्यो की सराहना की।

0

## मनोरोगियों को 27 को मिलेगा नि:शुल्क उपचार व परामर्श

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। मंगलमूर्ति मानसिक क्लिनिक एण्ड सीडीडीटी सेंटर ने मनोरोग, नशा एवं नस रोग से लोगों को मुक्ति दिलाने अभियान छेड़ा हुआ है। इस अभियान के तहत 27 अप्रैल को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। यह चिकित्सा शिविर दो पाली में चलेगा।

प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक अरिहंत मेडिकोज प्रथम तल सौभाग्य कॉम्पलेक्स दुर्ग में चिकित्सा शिविर का लाभ मिलेगा,वहीं द्वितीय पाली में शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक कृष्णा मेडिकल शास्त्री मार्केट पावर हॉउस भिलाई में मरीजों को चिकित्सा शिविर की सेवाएं मिलेगी। शिविर में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध मनोरोग विशेषज्ञ डॉ प्रशांत अग्रवाल अपनी सेवाएं देंगे। सौभाग्य कॉम्पलेक्स दुर्ग में क्लिनिक का संचालन करने वाले और केपीजीआई चंडीगढ़ व सेक्टर-9 अस्पताल भिलाई से अनुभव प्राप्त चिकित्सक डॉ अग्रवाल शिविर में मनोरोग,नशामुक्ति एवं नस रोग का नि:शुल्क उपचार करेंगे और मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श देंगे। शिविर में मरीजों को 10 दिन की दवाईयां भी मुफ्त में उपलब्ध करवाई जाएगी। यह बातें छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध मनोरोग विशेषज्ञ डॉ प्रशांत अग्रवाल ने शनिवार को मीडिया से चर्चा में कही। चर्चा में डॉ प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि युवाओं और बच्चों में लगातार डिप्रेशन और तनाव बढ़ रहा है। डब्युएचओ की एक रिपोर्ट के अनुसार करीब 7.5 प्रतिशत भारतीय किसी न किसी रुप में मानसिक रोग से ग्रस्त है। इतनी बड़ी संख्या के बावजूद भारत में इसे एक रोग के रुप में पहचान नहीं मिल पाई है, जबकि सच्चाई यह है कि जिस प्रकार शारीरिक रोग हानिकारक हो सकते है। उसी प्रकार मानसिक रोग भी स्वास्थ्य पर प्रतिकुल असर डाल सकते है।

मानसिक बीमारी बेरोजगारी,गरीबी व नशाखोरी को जन्म देती है। मानसिक रोगों को लेकर जागरुकता की कमी हमारे प्रदेश और देश के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। डॉ अग्रवाल ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य समस्या का सर्वाधिक प्रभाव 12 से 19 वर्ष आयु के युवाओं पर पड़ता है। हर 6 में से 1 युवा मानसिक समस्या से पीड़ित है। आज के प्रतियोगी समय में डिप्रेशन व तनाव की समस्या युवाओं में बढ़ती जा रही है। युवाओं को ऐसे तनाव व डिप्रेशन से बाहर निकालने अभिभावकों का व्यवहार महत्वपूर्ण होता है।

डॉ अग्रवाल ने बताया कि मनोरोग के ईलाज में देरी से बीमारी की गंभीरता बढ़ जाती है। इसे दवाईयों और काउंसिलिंग के माध्यम से पुरी तरह से ठीक किया जा सकता है। इसमें परिवार के सदस्यों का प्यार और सहयोग मरीज को जल्दी ठीक करने में लाभकारी साबित होता है। इन रोगियों का उपचार के 1 से 2 साल के भीतर दवाईयां कम करके बंद भी किया जा सकता है। हमेशा दवाईयां खाने की भ्रांति गलत है।

#### सुबह-सुबह वार्ड में निकले दया सिंह, तत्काल किया समस्याओं का समाधान

## लोगों ने बताई पानी की समस्या, मंगवा दिया दो टैंकर, अब सफाई के लिए मिलेंगे अतिरिक्त लेबर

- जमीन पर बैठकर लोगों से की चर्चा, सुनी सबकी समस्या
- वार्ड-44 लक्ष्मीनारायण वार्ड के लोगों के बीच पहुंचे दया
- नगर निगम प्रशासन के खिलाफलोगों ने जताया विरोध

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भाजपा पार्षद दया सिंह के पास लोग जो भी समस्या लेकर आते हैं, उसका समाधान तत्काल हो जाता है। आज यह देखने को फिर से मिल गया। जब वे अपने निर्वाचित वार्ड-44 लक्ष्मीनारायण पहुंचे। आज सुबह-सुबह दौरा करने और लोगों की समस्याओं को सुनने सीधे वार्ड पहुंचे।



जनता के बीच रहने वाले दया सिंह को देख लोग उत्साहित हो जाते हैं। वार्ड के लोगों के साथ जमीन पर ही बैठकर समस्या सुनी। वार्ड में अधिकांश जगहों पर पेयजल संकट की स्थिति है। ऐसे में लोगों ने बताया कि, भीषण गर्मी आने वाली है। नगर निगम भिलाई द्वारा सप्लाई होने वाले पानी से आपूर्ति नहीं होती। ऐसे में टैंकर और बोरवेल्स एक ही उपाय है। दया ने तत्काल निगम के अधिकारियों से समन्वय बनाकर दो पानी टैंकर का इंतजाम कराया। दया ने बताया कि, लोगों की समस्याओं का निपटाना मेरा काम नहीं, मेरा धर्म है। वार्ड के लोगों की सेवा के लिए सदैव प्रतिबद्ध हूं। निगम के अधिकारियों की ओर से लगातार उपेक्षा की जाती है। लेकिन अब ये वार्ड उपेक्षा का शिकार नहीं होगा। लोगों की हर समस्या का समाधान तत्काल होगा। दया ने बताया कि, वार्ड के कई मोहल्ले में सफाई की शिकायत कर रहे थे। सफाई मित्र नहीं पहुंचते हैं। दो-दो दिनों तक कचरा घर में ही पड़ा रहता है। ऐसे में तत्काल अधिकारी से बात करके सफाई कर्मियों की संख्या वार्ड के लिए बढ़ाया गया। वहीं सड़क, नाली के अलावा स्ट्रीट लाइट की समस्या लोगों ने बताई।

### हर परिवार के लिए सुख-दुख का साथी: दया

दया ने बताया कि, वार्ड-44 लक्ष्मीनारायण मेरा घर है। वहां रहने वाले हरेक सदस्य मेरा परिवार। मैं इनके हर सुख-दुख का साथी हूं। वार्ड में अगर किसी बेटी के घर में शादी होती है तो उसके लिए जरूरी इंतजाम करने की जवाबदेरी हमारी है। शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। वार्ड को शहर का सबसे बेस्ट वार्ड बनाने का जिम्मा हमारा है।

जिसका समाधान जल्द से जल्द किया जाएगा। पार्षद दया सिंह ने यादव पारा, सरकारी स्कूल, श्रीराम चौक की गली, बैगापारा और वार्ड-44 व 45 के बीच की गलियों में लोगों के साथ में भ्रमण किए। इस दौरान रमेश साहू, विनय, राकेश प्रसाद, विवेक कौशल, प्रशांत कुमार, आनंद सिंह समेत वार्डवासी मौजूद रहें।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950